दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। गुरुवार 24 जुलाई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 215 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# लाखों शिव भक्तों ने किया भोले बाबा का जलाभिषेक

## तेज बारिश में भीगते हुए भी भक्ति नहीं हुई कम, दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक को जुटे रहे श्रद्धालु







### जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी, डीसीपी सिटी, एडीसीपी ट्रैफिक, एसीपी सहित बड़ी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल





गाजियाबाद, करंट क्राइम : सावन मास की शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए गाजियाबाद के अलग-अलग शिव मंदिरों और प्रसिद्ध दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में लाखों लोग जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। मंगलवार की देर रात से ही शिव भक्तों और कांवड़ियों की भीड़ दूधेश्वरनाथ मंदिर में नजर आने लगी थी। तो वहीं मंगलवार की देर रात से ही कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक की व्यवस्था का जायजा देने के लिए



जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एसीपी घंटा घर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी उपासना पांडे, एसीपी सूर्यबली मौय, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी अमित सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। तो शिवरात्रि का जलाभिषेक बुधवार सुबह भोर से ही शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि सावन मास की शिवरात्रि के अवसर पर केवल दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में ही लाखों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में भी दूर-दूर से कांवड़िए जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। तो भोले बाबा के भक्त कोई आंखों में पट्टी बांधकर आया, तो कोई पीठ के बल लेटकर पहुंचा। किसी ने दौड़कर जल चढ़ाया, तो कोई सीधे लेटकर पहुंचा।

## बारिश में भी नहीं रुके भोले बाबा के भक्तों के कदम

करंट क्राइम : बुधवार सुबह से तेज बारिश हो रही थी और बारिश के दौरान भी भोले बाबा के भक्त दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए नहीं रुके । बड़ी संख्या में बारिश में भी भीगते हुए महिलाएं, पुरुष, बच्चे और कांवड़िए जलाभिषेक करने के लिए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचे। इस दौरान भीगते हुए बोले बाबा के भक्तों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिस पर लोग बता रहे हैं कि किस तरीके से भोले बाबा की उपासना करने वाले भक्त किसी भी मौसम और हालात में रुकते नहीं हैं।







## नेताओं से लेकर विशिष्ट अतिथियों ने किया जलाभिषेक

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मंदिर शहर का प्राचीन शिव मंदिर है। तो इसकी धार्मिक आस्थाएं भी महाभारत काल से जुड़ी बताई जाती हैं। कहा जाता है कि यहां भगवान शिव के परम भक्त रावण ने भी जलाभिषेक किया है। तो शिवरात्रि के अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व एमएलसी प्रशांत चौधरी, पूर्व महापौर आशा शर्मा, अशु वर्मा, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, बिल्डर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा, भाजपा नेता विजय मोहन, मुखिया गुर्जर, मनोज त्यागी व पूर्व निरीक्षक अनिल समानिया पहुंचे। इस दौरान आए अतिथियों का दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी और मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग ने भक्तों का स्वागत किया। तो सभी ने आशीर्वाद भी प्राप्त किया।













## मंदिर में हुई आठ पहर की विशेष पूजा-अर्चना : महंत नारायण गिरी

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने जानकारी दी है कि मंदिर में 8 पहर की पूजा अर्चना शिवरात्रि के अवसर पर की गई। इस दौरान आचार्य शिवराज उपाध्यक्ष ,अनिल पाढ़ी, लक्ष्मीकांत, नंदू पांडे, विवेक मित्तल, अमित गोस्वामी, रोहित त्रिपाठी ,नित्यानंद आचार्य के साथ ही पूजा अर्चना व्यवस्था में परम सेवक स्वामी किशन गिरी रमेश आनंद गिरि व शंकर झा ने विशेष मंत्रों एवं पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना भी कराई गई। महंत नारायण गिरी ने जानकारी दी है कि 8 पहर की पूजा अर्चना के साथ रुद्राभिषेक भी किया गया। इस दौरान भगवान दूधेश्वरनाथ को दुग्धाभिषेक, पंचामृत स्नान, बेलपत्र अर्पण, शिवा महिमा पर आधारित भव्य श्रृंगार, भस्म आरती, पूजन एवं विशेष मंत्रोचारण भी किया गया।



## सुरक्षा व्यवस्था रही दुरुस्त, अधिकारी रहे मौजूद

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मंदिर में कांवड़ियों और बड़ी संख्या में पहुंचे शिव भक्तों का जलाभिषेक शांतिपूर्वक और सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो इसलिए बड़ी संख्या में यहां आईपीएस अधिकारियों से लेकर एसीपी स्तर के अधिकारियों को तैनात किया गया। तो वहीं थाना प्रभारी कोतवाली अनुराग शर्मा के साथ बड़ी संख्या में पुलिस निरीक्षक, महिला सब इंस्पेक्टर और महिला पुलिसकर्मियों को अलग-अलग ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनाती दी गई थी। इसके अलावा डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल लगातार यहां का निरीक्षण करते रहे। तो एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी कैमरों के जरिए दूधेश्वरनाथ मंदिर और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रहे। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी व उनके साथ सिविल डिफेंस व डीवीएफ की टीम लगी रही।





# कवि नगर की लग्जरी कोठी से चल रहा था फर्जी दूतावास

## एसटीएफ ने किया आरोपी हर्षवर्धन जैन को गिरफ्तार | कई देशों की विदेशी मुद्रा और दस्तावेज भी बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने गाजियाबाद के कवि नगर इलाके में एक ऐसे रैकेट का भंडाफोड़ किया है। जिसमें लोगों को दूतावास से फर्जी लैटर इशू किया जाता रहा। यह फर्जी दूतावास उन देशों के नाम पर बनाए गए हैं जो देश हैं ही नहीं। इस रैकेट का खुलासा यूपी एसटीएफ ने किया है। एटीएफ ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान हर्षवर्धन जैन के रूप में की है। हर्षवर्धन केबी-35 कवि नगर में किराए का मकान लेकर अवैध रूप से वेस्ट आर्कटिक दूतावास चला रहा था। पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी खुदको वेस्ट आर्कटिका, सबोर्गा, पौल्विया, लोडोनिया जैसे देशों का कॉन्सुल, एम्बेसडर बताता था और कई डिप्लोमेटिक नम्बर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता है।



**- स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की नोएडा यूनिट ने किया एक अवैध दूतावास रैकेट का खुलासा**

**- 2 फर्जी पैन कार्ड, विभिन्न देशों और कंपनियों की 34 मोहरें, 2 कूटरचित प्रेस कार्ड, 44 लाख 70 हजार रुपये कैश बरामद**




## 2011 में हर्षवर्धन से अवैध सेटेलाइट फोन भी हुआ था बरामद

करंट क्राइम : इस पूरे केस में हैरान करने वाली बात तो ये है कि ये उन देशों के नाम हैं ,जो कहीं हैं ही नहीं। लोंगो को प्रभाव में लेने के लिए प्रधानमंत्री ,राष्ट्रपति और कई अन्य गणमान्य लोंगो के साथ अपनी मॉर्फ.की हुई फोटो का भी इस्तेमाल करता था। कई बार लोग तो उसे दूतावास का अधिकारी भी मान बैठे थे। पुलिस के अनुसार फर्जी दूतावास के नाम पर ये आरोपी कंपनियों और अन्य लोगों से दूसरे देशों में काम दिलाने के नाम पर पैसे की उगाही करता था। पुलिस की जांच में पता चला है कि गिरोह के लोग शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला रैकेट चलाते थे। आरोपी हर्षवर्धन के पूर्व में चंद्रास्वामी और अदनान खगोशी ( इंटरनेशनल आर्म्स डीलर ) से भी संपर्क में होने का पता चला है। बता दें कि 2011 में हर्षवर्धन से अवैध सॅटॅलाइट फोन भी बरामद हुआ था जिसका अभियोग थाना कविनगर में पंजीकृत है. पुलिस फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## हर्षवर्धन जैन के पास से 18 डिप्लोमेटिक नंबर वाली गाड़ियां मिलीं

करंट क्राइम : एसटीएफ नोएडा यूनिट ने कविनगर क्षेत्र में एक बड़ा अवैध दूतावास रैकेट खुलासा किया है। इस कार्रवाई में हर्षवर्धन जैन, जो कि जे.डी. जैन के पुत्र हैं और कविनगर के केबी-45 में रहते हैं, को गिरफ्तार किया गया है।

## लाखों का कैश व फर्जी दस्तावेज हुए बरामद

करंट क्राइम : एसटीएफ ने कार्रवाई के तहत उसके कब्जे से 18 डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट वाली गाड़ियां, 12 माइक्रोनेशन देशों के डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे कूटरचित दस्तावेज, 2 फर्जी पैन कार्ड, विभिन्न देशों और कंपनियों की 34 मोहरें, 2 कूटरचित प्रेस कार्ड, 44 लाख 70 हजार रुपये कैश, कई देशों की विदेशी मुद्रा व विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। कविनगर थाने में मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू की गई है। एसटीएफ इस रैकेट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जांच कर रही है।




# सालों से चल रहा था फर्जी दूतावास

## लोकल इंटेलीजेंस से लेकर बीट वाले थे अनजान

### - क्या लग्जरी गाड़ियों के भौकाल से डरते थे लोकल पुलिस अधिकारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र के केबी-35 कोठी आज ही सुर्खियों में नहीं आई है। यहां कई साल से लग्जरी गाड़ियों की लाइन कोठी के बाहर नजर आती थी। गाड़ियों पर विदेशी झंडे लगे होते थे और नीले कलर की गाड़ियों की नंबर प्लेट उनके वीआईपी और भौकाल की ताकत दर्शाते थे। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं की लोकल पुलिस और इंटेलीजेंस से लेकर बीट वाले इस कोठी के अंदर रहने वाले हर्षवर्धन जैन पर इसलिए हाथ नहीं डालते थे कि उन्हें डर रहता था कि कहीं मामला हाई प्रोफाइल होने की वजह से उन पर ही खतरा न बन जाए। इसके अलावा जिस तरीके से यूपी एसटीएफ नोएडा की यूनिट में देर रात यहां छापेमारी कर कार्रवाई की है ,उससे आसपास के कोठियां में रहने वाले लोग भी हैरान रह गए हैं। कवि नगर में रहने वाले लोगों को इस बात का एहसास नहीं था कि उनके मकान के बराबर में इस तरीके से फर्जी इंटरनेशनल दूतावास चल रहा है।

## अब खंगाले जा रहे हैं रजिस्टर और जांच वाले पेपर

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बुधवार की देर रात जब पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई हुई ,उसके बाद इंटेलीजेंस वालों के रजिस्टर खंगाले जा रहे हैं। तो वहीं पूर्व की जांच के पन्नों को भी देखा जा रहा है। जो कई बार थाने और चौकी पर पहुंचे थे। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में आने वाले दिनों में कुछ लोग कार्रवाई के शिकार हो सकते हैं। वही जिस तरीके से यह पूरा नेटवर्क चल रहा था, इसमें पुलिस की वर्किंग व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## आसपास के रहने वाले लोगों से मिलनसार नहीं था आरोपी हर्षवर्धन जैन

करंट क्राइम : एसटीएफ और पुलिस की अब तक की जांच बता रही है कि आरोपी हर्षवर्धन जैन उसकी कोठी के आसपास रहने वाले लोगों से मिलनसार नहीं था। वह कई बार देर रात तक बाहर रहता था और सुबह मकान में प्रवेश करता था। तो सूत्र बताते हैं कि कुछ साल पहले उसकी कोठी के निकट एक बड़े बॉलीवुड अभिनेता की कोविड के दौरान शूटिंग हुई थी। यह उसे देखने के लिए भी अक्सर जाता था। इसके साथ ही यह है आसपास के बाजारों और अन्य आयोजनों से भी दूरी बनाकर रखता था।

# सावन शिवरात्रि पर झमाझम बारिश में भीगा दिल्ली-एनसीआर

## जलभराव और ट्रैफिक जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नई दिल्ली।** बुधवार सुबह दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। सड़कों पर जलभराव और ट्रैफिक जाम के कारण ऑफिस जाने वालों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश ने दिल्ली की रफ्तार को थाम लिया और कई इलाकों में यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर के लिए रेड अलर्ट जारी किया था, जिसमें मध्यम से भारी बारिश के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और आंधी की चेतावनी दी गई थी। नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद सहित दिल्ली के आसपास के इलाकों में रेड अलर्ट लागू था। वहीं, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया, जहां हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई। भारी बारिश के कारण दिल्ली के कई प्रमुख इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। भारी बारिश के कारण दिल्ली के कई प्रमुख इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और आईटीओ को जोड़ने वाले तीन प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल और धीमी गति के कारण भारी जाम लग गया। हालांकि, हवाई अड्डे के आसपास भारी बारिश के बावजूद उड़ान संचालन में कोई रुकावट नहीं हुई।




# विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम पर राज्यसभा में चर्चा की मांग की

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में बुधवार को विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्यसभा में अगले हफ्ते से दो दिन तक 16 घंटे की चर्चा होनी चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। यह बैठक मानसून सत्र के दौरान हुई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता, राज्यसभा में सदन के नेता जे. पी. नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने की।



यह बैठक पहले सोमवार को प्रस्तावित थी, लेकिन उसी दिन शाम को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बैठक के बाद कांग्रेस के राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने बताया कि विपक्ष ने एक सुर में मांग की कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा अगले हफ्ते से शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस पर चर्चा शुरू होने के एक दिन बाद राज्यसभा में चर्चा होनी चाहिए।

प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह एक सामान्य बहस होनी चाहिए, कोई प्रस्ताव नहीं लाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी की मांग की और सरकार ने आश्वासन दिया है कि प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि संसद के दोनों सदनों में पहलगाम हमले, बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) और अन्य मुद्दों को लेकर लगातार हंगामा हो रहा है, जिसकी वजह से कार्यवाही बार-बार स्थगित की जा रही है।

# 'संसद में सड़क जैसा व्यवहार...'

## लोकसभा में हंगामे पर बिफरे स्पीकर ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। बुधवार को जब विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भड़क गए। उन्होंने विपक्षी सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। बता दें कि लगातार तीन दिन से हो रहे विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा को स्थगित करना पड़ रहा है। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ है।



निचले सदन में प्रश्नकाल के दौरान 'बिहार में रेल परियोजनाएं' विषय पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा किया। सांसदों के हंगामे को लेकर लोकसभा स्पीकर बिरला भड़क गए। उन्होंने कहा कि संसद हमारे गौरवशाली लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था है। सांसदों से मेरी अपेक्षा रहती है कि संसद के अंदर आपका आचरण, व्यवहार, कार्यपद्धति मर्यादित रहना चाहिए। देश की जनता ने आपको यहां पर उनकी आवाज, उनकी चुनौतियों, उनकी अपेक्षाएं और देश के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भेजा है।

लोकसभा स्पीकर ने आगे कहा कि आपका जो व्यवहार है वो सड़कों का है। यह आचरण और व्यवहार आप संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है। मैं सभी राजनीतिक दलों से कहता हूं कि देश उनके सदस्यों के आचरण को देख रहा है। मैं दोबारा कह रहा हूं कि सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। आप जाइए, सदन में बैठिए और मुद्दों पर चर्चा कीजिए। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ने कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### तीन दिन से विपक्ष कर रहा हंगामा

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ है। बीते दो दिनों से लगातार संसद की कार्रवाई हंगामे की भेंट चढ़ रही है।

# जनसुराज पार्टी के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने किया बर्बर लाठीचार्ज



**पटना।** मतदाता पुनरीक्षण, बढ़ते अपराध और सरकारी वादाखिलाफी जैसे मुद्दों को लेकर पटना में विधानसभा घेराव करने निकली प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के प्रदर्शनकारियों को बुधवार को पुलिस के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। सुबह 11 बजे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पार्टी प्रमुख प्रशांत किशोर अपनी टीम के साथ विधानसभा पहुंचने वाले थे, लेकिन चितकोहरा गोलंबर के पास पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान भारी लाठीचार्ज हुआ, जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए। दोपहर एक बजे तक भी जन सुराज की टीम धरनास्थल या विधानसभा के पास नहीं पहुंच सकी।

**जन सुराज समर्थकों पर चितकोहरा पर हुआ लाठीचार्ज :** प्रशांत किशोर के नेतृत्व में हजारों समर्थकों की भीड़ जैसे ही पटना के बेली रोड होते हुए एयरपोर्ट से गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल की ओर बढ़ी, चितकोहरा गोलंबर के पास पुलिस ने रास्ता रोक दिया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक हुई, जिसके बाद लाठीचार्ज शुरू हो गया। कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए और अफरातफरी मच गई।

**तीन प्रमुख सवालों पर हो रहा था विधानसभा का घेराव :** जन सुराज पार्टी की ओर से तीन गंभीर मुद्दों को लेकर इस प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। पहला मुद्दा था कि गरीब परिवारों को रोजगार के लिए सरकार द्वारा घोषित दो लाख रुपये की सहायता अब तक क्यों नहीं मिली। दूसरा यह कि दलित भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन क्यों नहीं दी गई और तीसरा था कि भूमि सर्वेक्षण में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

इन सभी सवालों को लेकर जन सुराज पार्टी ने एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर जुटाए थे और इसे विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत करने की योजना थी।

# सीएम योगी ने किया शिवरात्रि पर मानसरोवर मंदिर में हवन



**गोरखपुर।** पावन सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, सावन शिवरात्रि (बुधवार) को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

प्राचीन मानसरोवर मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दुर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद जल, गोदुग्ध और गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। गोरखनाथ मंदिर के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# शिवरात्रि : जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

## मंदिरों में विशेष सजावट, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जलाभिषेक के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में विशेष सजावट और व्यवस्था की गई है। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों की झालरों और आकर्षक तोरण द्वारों से सजाया गया है। आज बड़ी संख्या में कांवड़िये और शिवभक्त शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे।



चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर और मादीपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर भीड़ उमड़ रही है। इन मंदिरों में श्रद्धालुओं के सुचारु दर्शन के लिए सेवा समितियों ने लंबी कतारों की बैरिकेडिंग, पेयजल, प्राथमिक उपचार और भंडारे की व्यवस्था की है। आसफ अली रोड स्थित मंदिर श्रीराम हनुमान वाटिका और जयपुर हाईवे पर स्थित रंगपुरी गांव की विशाल शिव मूर्ति पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की उम्मद है।

यहां कमेटियों ने विशेष आरती, भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण का आयोजन किया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी मंदिरों में स्वयंसेवकों की टीमें तैनात की गई हैं। ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने भी मंदिरों के आसपास यातायात और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

**शिवरात्रि से पहले राजधानी पहुंची कांवड़ यात्रा :** गंगोत्री और हरिद्वार से गंगाजल लेकर निकले कांवड़िये मंगलवार शाम शिविरों में पहुंच गए। सात से पंद्रह दिनों की कठिन तपस्या और लंबी पैदल यात्रा के बाद शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर कांवड़ियों का स्वागत बेहद भव्य तरीके से किया गया। कई जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का एक किलोमीटर पहले से ढोल-बाजे और जयकारों के साथ स्वागत किया।

मंदिरों व शिविरों में पहुंचने पर महिलाओं ने उनके पैर धोए, तिलक लगाकर आरती उतारी और बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद स्वरूप फूलमालाएं पहनाईं। राजधानी में इस बार बड़ी संख्या में झूला कांवड़ के साथ-साथ खड़ी कांवड़ और बैठी कांवड़ लेकर श्रद्धालु पहुंचे हैं।

# आस्था जोड़ती है और जो जोड़ने का काम करते हैं हम उनके साथ : अखिलेश यादव



**नोएडा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव के दिल्ली में संसद भवन के पास स्थित मस्जिद में कथित तौर पर बैठक करने पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा कि अखिलेश ने मस्जिद को सपा का दफ्तर बना दिया, जिसपर अब समाजवादी पार्टी के मुखिया ने जवाब दिया है। अखिलेश यादव के जवाब पर यूपी की डिप्टी सीएम ने पलटवार किया है। दिल्ली में संसद मार्ग स्थित एक मस्जिद के अंदर कथित तौर पर हुई बैठक पर अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि आस्था जोड़ती है और जो आस्था जोड़ने का काम करती है हम उसके साथ हैं। भाजपा को यही तकलीफ है कि कोई जुड़े नहीं। भाजपा लोगों में दूरियां देखना चाहती है।

भाजपा चाहती है कि लोग एकजुट न होकर बंटे रहें। हमारी सभी धर्मों में आस्था है। भाजपा को तकलीफ है तो हम क्या करें। भाजपा को आप सब जानते हैं, भाजपा का हथियार ही धर्म है। वहीं, अखिलेश यादव द्वारा कथित तौर पर मस्जिद के अंदर बैठक करने पर समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि क्या अब हमें मंदिर और मस्जिद जाने के लिए भाजपा से लाइसेंस लेना होगा?... बीते दिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संसद भवन के पास वाली मस्जिद में सपा सांसदों के साथ बैठे थे, जैसे ही उनकी फोटो सामने आई।

# जम्मू-कश्मीर: तीसरे दिन भी नहीं थमी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने बढ़ाई मुश्किलें, अमरनाथ यात्री रास्ते में फंसे

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भारी बारिश के कारण हुए मलबे के भूस्खलन (मडस्लाइड) ने बुधवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर दिया। इसके चलते सैकड़ों वाहन फंस गए और अमरनाथ यात्रा से लौट रहे कई श्रद्धालु भी बीच रास्ते में रुक गए हैं।

पिछले तीन दिनों से जम्मू क्षेत्र में मूसलधार बारिश जारी है। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल बाढ़ का कोई बड़ा खतरा नहीं है, लेकिन अधिकतर नदियों और नालों में जलस्तर काफी बढ़ गया है।

**मलबा गिरने से सुरंग और राजमार्ग बाधित :** ट्रैफिक विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, रामबन जिले के मगेरकोट के पास एक सुरंग पर अचानक आई बाढ़ की वजह से मलबा गिरा और हाईवे अवरुद्ध हो गया। इसके अलावा सेरी के पास भी भारी बारिश के चलते एक और मडस्लाइड हुई।



प्रशासन ने तुरंत राहत एजेंसियों को मौके पर भेजा है और मलबा हटाने का काम जारी है। मौसम साफ होते ही सड़क को जल्द खोलने की कोशिश की जा रही है। तब तक लोगों से अपील की गई है कि वे इस मार्ग पर यात्रा न करें।

**अमरनाथ यात्रियों के काफिले भी फंसे :** अधिकारियों ने बताया कि सड़क बंद होने के कारण कई आम यात्री और दो अमरनाथ यात्रियों के काफिले अलग-अलग स्थानों पर फंसे हुए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि मौसम सुधरते ही आने वाले कुछ घंटों में यातायात फिर से शुरू हो सकता है।

**अन्य सड़कों पर भी असर :** रामबन के अलावा, किश्तवाड़-सिंथन सड़क भी सिंथन नाला पर आई बाढ़ के कारण बंद हो गई है। राजौरी, पुंछ, रियासी, उधमपुर और डोडा जैसे पहाड़ी जिलों में भी भूस्खलन के कारण कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। उन्हें खोलने का कार्य जारी है।

**नुकसान का आकलन जारी :** बारिश की वजह से कई कच्चे घर और मवेशियों के लिए बनाए गए शेड्स को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, पूरी जानकारी का आंकलन अभी चल रहा है।

**प्रशासन सतर्क :** भारतीय मौसम विभाग ने 24 जुलाई तक फ्लैश फ्लड (अचानक बाढ़) की चेतावनी जारी की है। इसके बाद जम्मू संभाग के लगभग सभी जिलों में 24x7 कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी सभी जरूरी एहतियात और तैयारियां करने को कहा गया है।

**कहां कितनी बारिश :** मौसम विभाग के अनुसार, सबसे ज्यादा बारिश उधमपुर में दर्ज की गई, जहां रातभर में 51.8 मिमी बारिश हुई। इसके बाद रामबन में 20.5 मिमी, रियासी में 17.9 मिमी और जम्मू में 8.5 मिमी बारिश हुई।

# भारत से दोहा जा रहा एअर इंडिया विमान वापस लौटा, केरल से भरी थी उड़ान




**नई दिल्ली।** केरल के कोझिकोड से कतर की राजधानी दोहा जा रहे एअर इंडिया के विमान में उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रण) को विमान में खराबी की जानकारी दी। इसके बाद विमान को वापस केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया।

फ्लाइट रडार24 के मुताबिक बोइंग बी738 मॉडल के विमान को सुबह 8.50 बजे टेकऑफ करना था। 9.17 बजे उड़ान भरने के बाद विमान को वापस लौटना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विमान को दो घंटे बाद 11.12 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंड कराया गया।

हवाई अड्डा के अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या क375 में पायलटों और चालक दल सहित 188 लोग सवार थे। अधिकारी ने कहा कि विमान के केबिन एसी में कुछ तकनीकी समस्या थी। यह आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी।

एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि हमारी एक उड़ान तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के बाद केरल के कोझिकोड लौट आई।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# पुलिस-प्रशासन और नगर निगम के नेतृत्व में सकुशल संपन्न हुई कांवड़ यात्रा-2025

## सीपी, डीएम, नगरायुक्त, एडिशनल सीपी, डीसीपी, एसीपी और प्रभारी रहे फील्ड पर मुस्तैद

### - पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों में भी स्पष्ट नजर आया तालमेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लगभग एक सप्ताह तक चली विस्तृत कांवड़ यात्रा का बुधवार को लगभग समापन हो गया। सावन मास के दूसरे सोमवार और शिवरात्रि के जलाभिषेक के बाद पुलिस-प्रशासन-नगर निगम और अन्य सरकारी एजेंसियों के अधिकारियों ने राहत वाली सांस ली है। तो गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा महोत्सव 2025 में शुरूआती झगड़ों, हंगामे और असुविधाओं के बाद शिवरात्रि का पर्व शांति व्यवस्था और बेहतर प्रबंधन के साथ ठीक प्रकार से बीता है। पुलिस से लेकर प्रशासन के अधिकारियों ने तेज बारिश के दौरान छतरी संभालते हुए अपनी ड्यूटियों को अंजाम दिया। तो वहीं बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी राउंड द क्लॉक फील्ड पर मौजूद भी रहे। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के बीच में बेहतर तालमेल के साथ वर्किंग स्टाइल शानदार नजर आया, जिसका नतीजा है कि गाजियाबाद कांवड़ महोत्सव बेहतर ढंग से संपन्न हुआ है।



### पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी और जीडीए वीसी रहे पूरी तरह एक्टिव

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान जिस तरीके से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गाजियाबाद का हवाई सर्वेक्षण किया गया। तो दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में पहुंचकर न सिर्फ पूजा अर्चना की गई बल्कि सावन मास शिवरात्रि को लेकर मुख्यमंत्री दिशा निर्देश देकर गए थे। इसी का नतीजा रहा की पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड से लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर निगम के अन्य अधिकारियों से लेकर एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट कल्पना सक्सेना, आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार के साथ ही एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी सलोनी अग्रवाल, एसीपी उपासना पांडे, एसीपी अमित सक्सेना, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह, एसीपी सूर्यबली मौर्य, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी एचआइयू तो वहीं शहर कोतवाल अनुराग शर्मा से लेकर अन्य थाना प्रभारियों ने भी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी और कांवड़ यात्रा के दौरान की व्यवस्थाओं पर बखूबी ध्यान दिया।

### महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दिया कांवड़ यात्रा पर पूरा ध्यान

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री गाजियाबाद आए तो अधिकारियों से लेकर नेता भी अलर्ट मोड पर रहे। शहर विधायक संजीव शर्मा लगातार कांवड़ यात्रा पर नजर रख रहे। तो लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी पीछे नहीं रहे। तो वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा खुद बारिश में भीगते हुए अपने अधीनस्थों के साथ कांवड़ की ड्यूटी को अंजाम दिया गया। तो व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार उनके निरीक्षण और निर्देश भी मिलते रहे थे। खुद महापौर सुनीता दयाल ने भी कांवड़ मार्ग पर उतरकर शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा जैसे कार्यक्रमों में भाग लिया।





### कांवड़ यात्रा के हीरो बने सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में जहां पुलिस–प्रशासन का योगदान रहता है। तो वहीं सिविल डिफेंस भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गाजियाबाद सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व में जहां मेरठ रोड तिराहे पर मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम पांच दिनों तक इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही यहां पहुंचने वाले अधिकारियों, अतिथियों और गणमान्य लोगों को वीवीआईपी स्टाइल में सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाएं करते हैं। तो करीब 700 से अधिक सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स की मदद से मेरठ रोड तिराहे, मोहन नगर चौक और राज नगर एक्सटेंशन कट पर सिविल डिफेंस के कंट्रोल रूम स्थापित किए जाते हैं। जहां लोगों को स्वास्थ्य से लेकर यातायात, खान–पान और अन्य व्यवस्थाओं को मजबूती से संभालने का काम सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के दिशा निर्देश पर उनकी टीम के द्वारा किया जाता है।

### दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर की व्यवस्था रही शानदार



करंट क्राइम : सावन मास के प्रत्येक सोमवार और शिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। तो इस बार यहां कॉरिडोर के निर्माण का कार्य चल रहा था, बावजूद इसके दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी द्वारा अधिकारियों एवं व्यवस्था में जुटे लोगों से समन्वय स्थापित करते हुए इसे सफल एवं सुगम बनाने का महत्वपूर्ण योगदान भी देखने को मिला।

# मुझे सांसद अतुल गर्ग की सरपंची कबूल है...कबूल है...कबूल है : दिनेश गोयल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा गढ़ की राजनीति में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर नगर निगम के सौ पार्षद बैठक में शामिल हुए और इन पार्षदों की मुखिया मेयर ने बैठक की अध्यक्षता की लेकिन बैठक में वो जनप्रतिनिधि भी पहुंचे जिनके पास जाकर पार्षदों ने स्पेशल रिक्वेस्ट की थी और पार्षदों की रिक्वेस्ट को सांसद और विधायकों ने एक्सेप्ट किया था। बैठक के बाद ये तय नहीं हो पा रहा था कि जिस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निरस्त करने की घोषणा खुद मेयर ने की है उस बैठक के मिनट्स पार्षदों को क्यों नहीं दिये जा रहे।

यहां पर स्टोरी का पंच ये था कि इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और विधायक भी शामिल हुए थे। लिहाजा ये बात एक कार्यक्रम में उठी कि जिस बैठक में सांइन सबसद और विधायक गए हैं उस बैठक में निरस्त हुआ प्रस्ताव कैसे वापस हो सकता है। के बीच कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एक पंच दिया और उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को सरपंच घोषित कर दिया। कह दिया कि पंचों की राय वही होगी जो सरपंच की राय होगी और हमारे सरपंच लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हैं।




कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उन्हें सरपंच घोषित कर दिया और जब सरपंच वाली घोषणा हुई तो इसके गवाह शहर विधायक संजीव शर्मा और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा बनें। सरपंच की घोषणा के दो गवाह भी थे जिनमें एक गवाह पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही और दूसरे गवाह पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी थे। सरपंच की घोषणा हो गई और कहानी फ्लैशबैक में गई कि कभी विधायक दल के नेता और सरपंच कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा हुआ करते थे। विधायकी में वो सीनियर थे लिहाजा उन्हें सरपंच घोषित किया गया और फिर ऐसा समय आया कि सरपंची के पंच अलग-अलग हो गए। साहब लोकसभा छोड़कर महामहिम हो गए और ये टीम तब गठित की गई थी जब साहब लोकसभा सांसद हुआ करते थे। अब साहब चले गए और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग बने। सरपंच की कहानी वही चली जब एक कमरे में पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने निगम की बैठक और मिनट्स को लेकर जनप्रतिनिधियों को समझाने की कोशिश की। इस सबके बीच कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को सरपंच घोषित कर दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था है, यहां कहने वालों ने ये भी कहा-एक बार एमएलसी और मेयर से भी पूछ लिया जाए।

इसी बीच दैनिक करंट क्राइम की बात एमएलसी दिनेश गोयल से हुई। दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे सरपंच वाली बात की तो एमएलसी दिनेश गोयल इस पूरे घटनाक्रम से अपडेट थे। उनसे पूछा गया कि क्या आप को ये सरपंची कबूल है तो एमएलसी दिनेश गोयल इस सवाल पर मुस्कराए और उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि एक काबिल और योग्य व्यक्ति को सरपंच की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि सरपंच सबका भला करता है और फिर एमएलसी दिनेश गोयल ने पूरे हर्ष के साथ कहा कि मुझे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की सरपंची कबूल है, कबूल है, कबूल है। यहां पर एमएलसी दिनेश गोयल ने यह भी कहा कि सरपंच के रूप में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जो भी निर्णय लेंगे वो मुझे दिल से स्वीकार होगा।

### जब दिनेश गोयल बोले तब अतुल गर्ग सरपंच नहीं थे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कॉलेज वाले पकोड़ों की मिर्ची सियासत में आज भी याद की जाती है। एक पत्र ने विचित्र स्थिति पैदा कर दी थी और दैनिक करंट क्राइम ने जब सांसद अतुल गर्ग की सरपंची कबूल करने वाले एमएलसी दिनेश गोयल को फ्लेशबैक में ले जाकर याद दिलाया और उन्हें कहा कि जब अन्य जनप्रतिनिधि अतुल गर्ग के साथ कुछ बात कबूल कराने आपके कॉलेज आए थे तब आपने उनकी बात कबूल क्यों नहीं की थी। इस पर एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि मैं उनकी बात तभी स्वीकार कर लेता मगर, तब अतुल गर्ग सरपंच नहीं थे।

# सरकारी कृपा चाहने वाले कर लें अपने सांसद जी का दीदार

## वो कर रहे हैं सरकारी कृपा पाने वाले 18 चेहरों की लिस्ट तैयार!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधि और सरकारी कृपा के बीच एक बड़ा सेतु होता है और जनप्रतिनिधियों से दुआ सलाम का एक रिश्ता भी इसी हेतु होता है। जब अनिल अग्रवाल राज्यसभा सांसद थे तो उन्होंने भी कई चेहरों का बेड़ा पार किया था। राज्यसभा सांसद रहते हुए उन्होंने किसी को रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य पद दिलवाया तो किसी को उन्होंने टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी का मेंबर बनाया। गाजियाबाद की बात करें तो यहां उन्होंने राहुल गोयल, रवि भाटी सहित कई चेहरों पर कृपा की और फिर उन पर सरकारी कृपा हो गई। इनमें बालकिशन गुप्ता भी शामिल हैं। सरकारी कृपा के बारे में ये माना जाता है कि या तो उनके पास शासन से कोई कोटा आता है या फिर सरकारी कृपा के मामलों में जनप्रतिनिधियों की दखल होती है। अनिल अग्रवाल अब पूर्व सांसद हो चुके हैं और अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और उन्होंने हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति में अपने प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों के भाई संजीव मित्तल को लिया। उन्होंने इस समिति में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता को लिया। अब सुना है कि उन पर सरकारी कृपा का और कोटा आ गया है।

सूत्र बता रहे हैं कि अतुल गर्ग के पास 18 ऐसे पदों की सूची आ गई है जहां उन्हें अपनी पसंद के नाम देने हैं। सूत्र बताते हैं कि ये सभी सरकारी कृपा के बादल केंद्र सरकार के हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग 18 चेहरों की सूची तैयार कर रहे हैं। बताया जाता है कि इस सूची में रेलवे बोर्ड से लेकर कई अन्य पद हैं। सूत्र बताते हैं कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के पास केंद्र सरकार की ओर से इस बात की पाती आ हो चुकी है। बताया जाता है कि सरकारी कृपा होनी है और ऐसे में उन चेहरों पर कृपा हो सकती है जो इस समय पद विहीन हैं लेकिन वो सांसद की कृपा के अधीन हैं। ये 18 पद केंद्र सरकार से हैं। चर्चा अब इसी बात को लेकर हो रही है कि सांसद की गुड बुक के कौन से वो 18 नाम होंगे जो दिल्ली से फाइनल मुहर लगकर




आएंगे। क्योंकि ये चर्चा भाजपा में आम है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सिफारिश से ज्यादा मेरिट पर फोकस करते हैं।

वो कई बार सिफारिश लेकर पहुंचे लोगों को भी कड़े शब्दों में अनुशासन और योग्यता का गणित समझा देते हैं। ऐसे में एक बड़ी जिज्ञासा यही रहेगी कि सांसद अतुल गर्ग की गुडबुक के वो कौन से 18 नाम हैं। सूची अभी तैयार हो रही है और आवेदकों के पास एक बेहतर मौका है जब वो अपनी उपस्थिति से उपलब्धि का चौका मार सकते हैं।

# 43 वर्षों से कायम है पुरा परशु महादेव रामेश्वर मंदिर का सावन माह भंडारा

## चार दिनों तक एमएलसी दिनेश गोयल मिलेंगे यहीं पर सेवा करते डालकर डेरा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सेवा और शिवभक्ति के संस्कार एमएलसी दिनेश गोयल को विरासत में मिले हैं। वो राजनीति में सक्रिय होने से पहले, वो जनप्रतिनिधि बनने से पहले और जनप्रतिनिधि बनने के बाद भी उतनी ही शिद्दत के साथ अपने पिता द्वारा स्थापित की गई परंपरा का पालन करते हैं। ये सिलसिला लगातार चल रहा है।









बड़ी बात ये है कि एमएलसी दिनेश गोयल खुद जहां कांवड़ियों की सेवा के लिये डेरा डाल लेते हैं वो चार दिन सबकुछ भूलकर केवल शिवभक्तों की सेवा करते हैं। ये कांवड़ सेवा पुरा परशु महादेव मंदिर में चलती है। एमएलसी दिनेश गोयल अपने पिता स्व. राजकुमार गोयल भट्टे वालों की इस परंपरा को कायम किये हुए हैं। उनके पिता ने प्रत्येक वर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान प्राचीन शिवालय पर हर वर्ष ये भंडारे की परंपरा शुरू की थी। सबसे खास बात ये है कि शिव की आस्था के साथ-साथ एमएलसी दिनेश गोयल ने अपने पिता की आस्था को भी कायम रखा है। पिता ने जो परंपरा शुरू की उसे एमएलसी दिनेश गोयल 41 वर्षों से लगातार संभाल रहे हैं। एमएलसी दिनेश गोयल पूरे सेवाभाव के साथ यहां काम करते हैं, वो धर्म, परोपकार, शिवभक्ति की भावना के साथ काम करते हैं। धर्म के संस्कार उन्हें अपने परिवार से मिले हैं, अपेन पिता से मिले हैं। उनके दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं और वर्ष भर भडारे और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में मदद करते हैं। कहा तो ये भी जाता है कि धार्मिक परियोजन के लिये एमएलसी दिनेश गोयल के पास पहुंचा कोई व्यक्ति खाली हाथ नहीं लौटता है।

### चार दिन तक सुबह से शाम चलता है भंडारा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये शिव की आस्था का एक बड़ा उदाहरण है जब एमएलसी दिनेश गोयल पुरा परशु महादेव मंदिर में डेरा डाल लेते हैं। वो हर वर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान लगातार चार दिन तक भंडारे का आयोजन करते हैं। इस दौरान वो भूल जाते हैं कि वो एमएलसी भी हैं, वो कॉलेज के चेयरमैन भी हैं। वो केवल शिवमय भक्ति वाले मोड में रहते हैं। चार दिन तक वो लगातार यहीं रहकर कांवड़ियों की सेवा करते हैं। चार दिन तक लगातार भंडारा चलता है। ये भंडारा सुबह आठ बजे से शुरू हो जाता है और रात को बारह बजे तक चलता है। यहां केवल कांवड़ियों के लिये भोजन ही नहीं तैयार होता बल्कि कांवड़ियों को उपचार, उनके स्नान की भी व्यवस्था है। यहां विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार होते हैं। जिनमें पूरी, आलू मटर की सब्जी, पुलाव, हलवा–पूरी, बर्फी और कुट्टू पकोड़ी भी तैयार होती है।

### पिता स्व. राजकुमार गोयल के नाम को जिंदा रखा है भक्ति भाव के साथ



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये एक पुत्र की अपने पिता के प्रति भी आस्था है कि पुत्र ने अपने पिता के दिवंगत होने के 20 वर्ष बाद भी अपने पिता के नाम को शिव आस्था के साथ जिंदा रखा है। प्रति वर्ष सावन माह में लगातार चार दिन चलने वाले इस भंडारे की शुरूआत 43 वर्ष पहले स्व. राजकुमार गोयल भट्टे वालों ने की थी। वर्ष 2005 में राजकुमार भट्टे वालों के बाद उनके बेटे एमएलसी दिनेश गोयल ने अपने पिता द्वारा शुरू की गई इस पावन परंपरा को लगातार जारी रखा है, वो अपने पिता के नाम को संभाल रहे हैं। वास्तव में ये एक भंडारा हीं है बल्कि एक परंपरा का भी पालन है। एक ऐसा सेवा का भाव जिसमें एमएलसी दिनेश गोयल खुद रम जाते हैं। एक बड़ी बात ये है कि अपने पिता द्वारा शुरू की गई परंपरा को बेटे दिनेश गोयल ने पूरी श्रद्धा के साथ जिंदा रखा है। मानों यह सब भाव उनमें अपने पूर्वजों के संस्कारों से प्राप्त किये हैं।

### रुद्राभिषेक से शुरू और रुद्राभिषेक पर संपन्न होता है भंडारा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आस्था का सैलाब उमड़ता है और सेवाभाव यहां दिखाई देता है। एमएलसी दिनेश गोयल पूरे मन से यहां व्यवस्था संभालते हैं। उनके बारे में ये कहा भी जाता है कि चार दिन तक एमएलसी दिनेश गोयल की लोकेशन सिर्फ और सिर्फ पुरा परशु महादेव मंदिर पर दिखाई देगी। वो पूरे चार दिन यहीं रहते हैं। यहां पर उन्होंने अपनी धर्मशाला भी बनवाई है। यहां खास बात ये है कि दस हजार से ज्यादा लोग प्रतिदिन भंडारे में भोजन–प्रसाद ग्रहण करते हैं। ये भंडारा अनवरत चलता है और सबसे बड़ी बात ये है कि शिवभक्तों को समर्पित यह भंडारा देवादिदेव महादेव शिव के रुद्राभिषेक से शुरू होता और भंडारे का समापन पर भी भगवान शिव के रुद्राभिषेक से होता है।

## संपादकीय

# सिस्टम पर सवाल

मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के आरोपियों के बरी होने पर सवाल उठते हैं, क्योंकि हाईकोर्ट में सबूतों की धज्जियां उड़ीं और जांच में लापरवाही बरती गई। सुप्रीम कोर्ट ने झूठे मुकदमों के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए कानून बनाने का सुझाव दिया है। ह्यजब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की थी। दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट की जांच में इस भावना का सही से पालन नहीं किया गया। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ चिंता भी पैदा करता है।

दोषी कौन 11 जुलाई 2006 को सिलसिलेवार ढंग से हुए बम धमाकों में 187 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 824 घायल हुए थे। बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले से 19 साल बाद सवाल वहीं घूमकर आ जाता है कि इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है? शर्मनाक लापरवाही हाईकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ीं, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही बरती गई। यह भी शर्मनाक है कि आरोपियों को टॉर्चर किया गया।

निचली अदालतों पर सवाल 12 लोग इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिए जिल्लत की जिंदगी जीते रहे। जेल में वो लोग थे, लेकिन उनके साथ सजा पूरे परिवार ने भुगती। यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। और यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो।

सुप्रीम कोर्ट का सुझाव कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था। पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनाई थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। ताकि भरोसा बना रहे महाराष्ट्र सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। देश उम्मीद करता है कि इस बार तथ्यों को सही ढंग से रखा जाएगा। यह केवल एक केस नहीं, न्याय व्यवस्था पर आम लोगों के यकीन का मामला है।

# स्टैंडअप इंडिया योजना से उद्यमियों को मिल रहा बढ़ावा

## एससी-एसटी व महिलाओं को 29,000 करोड़ के ऋण मंजूर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि स्टैंडप इंडिया योजना के तहत अप्रैल 2022 से मार्च 2025 तक अनुसूचित जाति (रउ), अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को लगभग 29,000 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए हैं।

केंद्र सरकार की स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत अप्रैल 2022 से मार्च 2025 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को लगभग 29,000 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलावर को संसद में यह जानकारी दी। सीतारमण ने कहा कि वित्तीय सहायता के अलावा, यह योजना हाशिए पर पड़े वर्गों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण औरर विशिष्ट विशेषज्ञता प्रदान करती है। इसमें कौशल केंद्र, मेंटरशिप सहायता, उद्यमिता विकास कार्यक्रम केंद्र, जिला उद्योग केंद्र शामिल है।

### इस अवधि में कुल 1,26,508 ऋण खातों की हुई स्वीकृति

वित्त मंत्री ने बताया कि इस अवधि में कुल



1,26,508 ऋण खातों को स्वीकृति दी गई। इनमें से 86,738 खाते महिला उद्यमियों के थे, जिन्हें 20,521.41 करोड़ के ऋण मिले। एससी वर्ग के 30,145 खातों को 6,437.59 करोड़ और एसटी वर्ग के 9,625 खातों को 2,037.15 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए।

### स्टैंड-अप इंडिया योजना का उद्देश्य

स्टैंड-अप इंडिया योजना 5 अप्रैल, 2016 को शुरू की गई थी। स्टैंड-अप इंडिया योजना का उद्देश्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के बीच मूल्य के ऋण प्रदान करना है। यह विनिर्माण, सेवा या व्यापार क्षेत्र में ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने और कृषि से संबद्ध गतिविधियों के लिए प्रत्येक बैंक शाखा में कम से कम एक अनुसूचित जाति (एससी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) उधारकर्ता और एक महिला उधारकर्ता को प्रदान किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि संभावित उधारकताओं को ऋण के लिए बैंकों से जोड़ने के अलावा, ऑनलाइन पोर्टल (www.standupmitra.in) ने संभावित एससी, एसटी और महिला उद्यमियों को व्यवसाय उद्यम स्थापित करने के उनके प्रयास में मार्गदर्शन प्रदान किया। इसमें प्रशिक्षण से लेकर बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार ऋण आवेदन भरने तक की सुविधा शामिल है।

# भारत ने पासपोर्ट रैंकिंग में आठ पायदान की लगाई छलांग

## 59 देशों में वीजा मुक्त यात्रा संभव

**नई दिल्ली।** भारत ने जनवरी 2025 के बाद से अपनी पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है, और 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत की पासपोर्ट रैंकिंग आठ स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत को 59 देशों के लिए वीजा पहुंच प्राप्त हो गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में इसकी पुष्टि हुई है।

आईएटीए के आंकड़ों पर आधारित है पासपोर्ट रैंकिंग सिंगापुर ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, उसे दुनिया भर के 227 गंतव्यों में से 193 तक वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान की गई है। जुलाई 2025 में प्रकाशित यह रैंकिंग




अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ के विशिष्ट आंकड़ों पर आधारित है और यह उन गंतव्यों की संख्या दशार्ती है जहां पासपोर्ट बिना पूर्व वीजा के प्रवेश की अनुमति देता है। एशियाई पड़ोसी देश जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जहां प्रत्येक को 190 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त पहुंच प्राप्त है।

### सऊदी अरब को भी लाभ, अमेरिका पर शीर्ष 10 से बाहर होने का खतरा

नई पासपोर्ट रैंकिंग में सऊदी अरब को भी लाभ हुआ है। उसके वीजा मुक्त गंतव्यों में चार स्थानों का सुधार हुआ है। देश की रैंकिंग 91 गंतव्यों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान पर पहुंच गया है। रैंकिंग में ब्रिटेन और अमेरिका की रैंकिंग नीचे गिरी है। यूनाइटेड किंगडम 6वें स्थान पर गिर गया है, जो 186 देशों को वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका अब 182 गंतव्यों तक पहुंच के साथ 10वें स्थान पर है। पिछले एक दशक में दोनों देशों की रैंकिंग में लगातार गिरावट आई है। गौरतलब है कि यह पहली बार है जब अमेरिका के पासपोर्ट रैंकिंग के मामले में शीर्ष 10 से बाहर होने का खतरा है।

# मिंत्रा के खिलाफ 1654 करोड़ के उल्लंघन की शिकायत

## 'कैश एंड कैरी' की आड़ में किया मल्टी ब्रांड रिटेल ट्रेड

**नई दिल्ली।** ईडी को जांच से पता चला है कि मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड ने घोषणा की थी कि वे थोक कैश एंड कैरी के व्यवसाय में लगे हुए हैं। उन्होंने विदेशी निवेशकों से 1654 करोड़ का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त किया। मिंत्रा ने अपना अधिकांश माल मैसर्स वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (जिसने अंतिम ग्राहक को खुदरा में माल बेचा) को बेचा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बंगलूरु क्षेत्रीय कार्यालय ने मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (मिंत्रा) और उसकी संबंधित कंपनियों व उनके निदेशकों के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) की धारा 16(3) के तहत 1654 करोड़ रुपये के उल्लंघन की शिकायत दर्ज की है। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक इस केस में जांच एक विश्वसनीय जानकारी के आधार पर शुरू की गई थी कि मेसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (मिंत्रा) और उसकी संबंधित कंपनियां कथित तौर पर मौजूदा एफडीआई नीति का उल्लंघन करते हुए 'थोक कैश एंड कैरी' की आड़ में मल्टी ब्रांड रिटेल ट्रेड (एमबीआरटी) कर रही हैं।




फेमा, 1999 के प्रावधानों के तहत ईडी को जांच से पता चला है कि मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड ने घोषणा की थी कि वे थोक कैश एंड कैरी के व्यवसाय में लगे हुए हैं। उन्होंने विदेशी निवेशकों से 1654,35,08,981 रुपये के बराबर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त किया है। ईडी के मुताबिक मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपना अधिकांश माल मैसर्स वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (जिसने अंतिम ग्राहक को खुदरा में माल बेचा) को बेचा है। मैसर्स वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड, दोनों एक ही समूह या कंपनियों के समूह से संबंधित हैं।

# भारतीय बाजार पर लौटा निवेशकों का भरोसा

## सेंसेक्स 539 अंक चढ़ा, निफ्टी 25200 के पार

**नई दिल्ली।** पिछले दिन की गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक उछलकर 82,726.64 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159 अंक की बढ़त के साथ 25,219.90 पर बंद हुआ। जपान-अमेरिका के व्यापार समझौता होने बाद एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में करीब 540 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक या 0.66 प्रतिशत उछलकर 82,726.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 599.62 अंक या 0.72 प्रतिशत बढ़कर 82,786.43 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159 अंक या 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,219.90 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरकर 86.43 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति, बजाज फिनसर्व,




आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटीसी पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक 3.51 प्रतिशत उछल गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए।

### व्यापार समझौते की उम्मीदें बढ़ी

आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अनुसार वैश्विक स्तर पर, अमेरिका-जापान व्यापार समझौते से संबंधित आशावादी घटनाक्रमों के बाद निवेशकों की धारणा में तेजी आई। इससे निकट भविष्य में और अधिक अंतर्राष्ट्रीय समझौतों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 68.29 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.45 प्रतिशत गिरकर 68.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,548.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 5,239.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमश: दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।
- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद–फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम–प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

वैलेंटाइन डे के 7 दिन पहले एक गिफ्ट शॉप पर वकील साहब गए
उन्होंने 40 खूबसूरत कार्ड खरीदे और सब पर उन्होंने भेजने वाले की जगह लिखा हैल्लो जान !! पहचान गए ना ?
शाम को मिलो, आई लव यू।
दुकानदार ने पूछा : ये क्या मामला है ?
तो वकील साहब ने बताया पिछले वैलेंटाइन डे पर आस पास की कालोनी में ऐसे ही 20 कार्ड भेजे थे। कुछ ही दिन में तलाक के चार केस मिल गए थे।
इस बार 40 कार्ड भेज रहा हूँ।

---

लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई...
दूसरे दिन..
गर्लफ्रेंड – मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए।
ब्वॉयफ्रेंड – चल पगली....कुछ भी हो....
मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा....
मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं.....

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

24 07 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



चित्रा शेनॉय
(भारतीय अभिनेत्री)



जानवी मुदगल



सात्विक अग्रवाल



निखिल गर्ग



संग्यान निरंकारी



रेखा



अश्वनी शर्मा



राहुल शिशोदिया



डॉ. नितिन मोहन शर्मा



आकाश गिरी



सतीश चंद



अमन मलिक



सुधीर शर्मा



सिराजुद्दीन सैफी



रोहित चौहान

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# इंग्लैंड में केएल राहुल के 1000 टेस्ट रन पूरे

## सचिन तेंदुलकर- विराट कोहली के क्लब में शामिल हुए

**सचिन तेंदुलकर (1575 रन), राहुल द्रविड़ (1376 रन), सुनील गावस्कर (1152 रन) और विराट कोहली (1096 रन) ने यह कारनामा किया।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हुए टेस्ट मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली।

### केएल ने की गावस्कर की बराबरी

इसके अलावा केएल राहुल चौथे भारतीय ओपनर बल्लेबाज बन गए जिसने विदेश में 100 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में उन्होंने सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली। पूर्व बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज में 1404 रन, इंग्लैंड में 1152 रन और पाकिस्तान में 1001 रन बनाए। वहीं, केएल राहुल ने इंग्लैंड में बतौर ओपनर 1000 रन पूरे कर लिए।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बताया कि लियाम डॉसन की वापसी हुई है। उन्हें शोएब बशीर की जगह शामिल किया गया है। वहीं, भारत इस मुकाबले में तीन बदलावों के साथ उतरा है। करुण नायर की जगह साई सुदर्शन को मौका मिला है। अंशुल कंबोज को आकाश दीप की जगह टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला है। इसके अलावा शार्दुल ठाकुर की नीतीश रेड्डी की जगह टीम में वापसी हुई है।

### पांचवें भारतीय बने केएल राहुल

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत के लिए ओपनिंग करने उतरे केएल राहुल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। 15 रन बनाते ही उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। वह पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए जिसने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर (1575 रन), राहुल द्रविड़ (1376 रन), सुनील गावस्कर (1152 रन) और विराट कोहली (1096 रन) ने यह कारनामा किया।

# 'विश्व कप के लिए नए सिरे से शुरूआत करनी होगी' इंग्लैंड से वनडे सीरीज जीतने के बाद बोलीं हरमनप्रीत



**मुंबई।** भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की सीरीज में जीत से वनडे विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ा होगा, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम को स्वदेश लौटने पर इस वैश्विक प्रतियोगिता के लिए नए सिरे से शुरूआत करनी होगी। हरमनप्रीत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक जमाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को 13 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। इससे पहले उसने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 3-2 से जीत हासिल की थी।

भारत अब 14 सितंबर से घरेलू मैदान पर तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। इसके बाद 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में महिला वनडे विश्व कप खेला जाएगा। तीसरे मैच और सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई हरमनप्रीत ने कहा, 'हर मैच और हर परिस्थिति अलग होती है। आज परिस्थितियां बिल्कुल भिन्न थीं, पिच भी अलग थी, माहौल भी अलग था, लेकिन घरेलू मैदान पर परिस्थितियां भिन्न होंगी।' उन्होंने कहा, 'जब भी आपको जीत मिलती है तो आपकी मानसिकता सकारात्मक हो जाती है। इस तरह की चीज आपको अच्छी स्थिति में रखती हैं, लेकिन जब भी आप अगला मैच खेल रहे हों, तो आपको हमेशा पहली गेंद से ही शुरूआत करनी होती है और मुझे लगता है कि इस सीरीज से निश्चित रूप से हमारा मनोबल बढ़ेगा। लेकिन जब हम स्वदेश लौटेंगे तो हमें नए सिरे से शुरूआत करनी होगी।'

भारतीय कप्तान ने इस जीत का श्रेय टीम की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम पिछले कई वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही है जिसका असर अब परिणाम में नजर आ रहा है। मुझे वास्तव में बहुत खुशी है कि हमारे खिलाड़ी आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वे सकारात्मक सोच के साथ आगे आ रही हैं तथा अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत कर रही हैं।'

# सिंधू ने मियाजाकी को हराया, सात्विक-चिराग की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंची






**नई दिल्ली।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पी वी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिंधू ने शानदार शुरूआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। मौजूदा समय में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं।

इस साल पांच टूनामेंट में पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू ने मैच के बाद कहा, 'यह मेरे लिए बहुप्रतीक्षित जीत थी। पहला राउंड मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। यह तीन गेम का मुकाबला था। तीसरे गेम में भी मेरे लिए शुरूआत से ही बढ़त बनाना महत्वपूर्ण रहा। मेरे लिए यह मैच जीतना महत्वपूर्ण था। इससे निश्चित तौर पर मेरा मनोबल बढ़ेगा।' हैदराबाद की इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला भारत की ही एक अन्य खिलाड़ी 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से होगा। उन्नति ने ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में 36 मिनट तक चले मुकाबले में राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की पदक विजेता स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को 21-11, 21-16 से हराया। इस बीच, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरूआत की। रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी हालांकि हांगकांग की नगा टिंग येउंग येउंग और पुई लाम येउंग से 31 मिनट में 12-21, 13-21 से हार गईं।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 88 रन से हराया



**नॉर्थैम्प्टन।** विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के मुकाबले जारी हैं। मंगलवार को नॉर्थैम्प्टन के काउंटी ग्राउंड में दक्षिण अफ्रीकी चैंपियंस ने भारतीय चैंपियंस को डकवर्थ लुईस नियम के जरिये 88 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 208 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम 18.2 ओवर में नौ विकेट पर 111 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान एबी डिविलियर्स ने 30 गेंद में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 63 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा डिविलियर्स ने एक शानदार कैच में भी मदद की।

### दक्षिण अफ्रीका की पारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने एक वक्त 14वें ओवर में 118 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। हाशिम अमला 19 गेंद में चार चौके की मदद से 22 रन, जैक्स रुडोल्फ 20 गेंद में 24 रन, सेरेल इरवी 12 गेंद में 15 रन, जेपी डुमिनी 12 गेंद में 16 रन और वेन पार्नेल छह गेंद में 11 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे। इसके बाद डिविलियर्स ने जेजे स्मट्स के साथ छठे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी निभाई। स्मट्स 17 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुए। डिविलियर्स ने फिर मोर्ने वान विक के साथ साझेदारी निभाई। वान विक पांच गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 18 रन की नाबाद पारी खेली। भारत की ओर से पीयूष चावला और यूसुफ पठान ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, अभिमन्यू मिथुन को एक विकेट मिला।


### भारत की पारी

209 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते उतरी भारतीय टीम ने एक वक्त 44 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिए थे। रॉबिन उथप्पा दो रन, शिखर धवन एक रन, सुरेश रैना 11 गेंद में 16 रन और अंबाती रायुडू खाता खोले बिना पवेलियन लौट चुके थे। यूसुफ पठान भी पांच रन ही बना सके। इरफान पठान 10 रन, पीयूष चावला नौ रन और विनय कुमार 13 रन बनाकर आउट हुए। पवन नेगी खाता नहीं खोल सके। स्टुअर्ट बिन्नी ने थोड़ा दम दिखाया और 39 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 37 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एरॉन फांगीसो ने तीन विकेट, जबकि पार्नेल और इमरान ताहिर ने दो-दो विकेट लिए। हार्डस विलजोएन और डुएन ओलीवियर को एक-एक विकेट मिला।

### डिविलियर्स का करिश्मा

41 साल के डिविलियर्स ने यूसुफ पठान के कैच में भी अहम भूमिका निभाई। बाउंड्री लाइन पर डिविलियर्स ने डाइव लगाकर और स्लाइड कर गेंद को पकड़ा और जब उन्हें लगा कि वह बाउंड्री रोप से टकरा जाएंगे तो उन्होंने गेंद थोड़ी दूरी पर खड़े इरवी को बढ़ा दी। इरवी ने डाइव लगाकर कैच पूरा किया। 41 साल की उम्र में डिविलियर्स की फिटनेस देखकर फैंस स्तब्ध रह गए। इस कैच की जमकर तारीफ हो रही है।

# टेनिस में एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस, बस नवरातिलोवा से रह गईं पीछे





**वाशिंगटन।** वीनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया और डीसी ओपन टेनिस टूनामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी।

वीनस ने मैच के बाद कहा, 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है।' वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूनामेंट में भाग ले रही हैं। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।

वीनस की दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना विलियम्स भी वापसी करें। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।' उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।'

सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। सेरेना 43 वर्ष की हैं और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी। टेनिस में उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे।

### राडुकानू ने डीसी ओपन में मार्टा कोस्त्युक को हराया

एम्मा राडुकानू ने सातवीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूनार्मेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। कोस्त्युक को इस तरह से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार का सिलसिला दो महीने से भी अधिक समय से चल रहा है। यह लगातार पांचवा टूनार्मेंट है जिसमें वह पहले दौर में बाहर हो गईं। उन्होंने 11 मई के बाद से कोई मैच नहीं जीता है। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन और वर्तमान में विश्व में 46वीं रैंकिंग की खिलाड़ी राडुकानू का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा। ओसाका ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-2, 7-5 से हराया। इस हार्ड-कोर्ट टूनार्मेंट में पुरुषों के मुकाबले में कैम नॉरी ने दूसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी को 3-6, 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण पीठ दर्द के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं।

# इंगलिस की तूफानी पारी से जीते कंगारू, वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 में भी हराया, मैक्सवेल ने की ओपनिंग



**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को लगातार दूसरे टी20 में हरा दिया है। जमैका के किंग्सटन के सबीना पार्क में खेले गए मुकाबले में कंगारुओं ने आठ विकेट से जीत हासिल की। जोश इंगलिस और कैमरन ग्रीन ने तूफानी पारियां खेलीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 15.2 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। इंगलिस 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 78 रन बनाकर नाबाद रहे।

वहीं, कैमरन ग्रीन ने 32 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 56 रन की नाबाद पारी खेली। इंगलिस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहला टी20 ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 26 जुलाई को सेंट किट्स में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल ओपनिंग के लिए आए थे, लेकिन वह फेल रहे।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरूआत सधी हुई रही थी। ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। हालांकि, इसमें ज्यादातर योगदान किंग का रहा। वहीं, कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मध्यक्रम पूरी तरह विफल रहा। शिमरोन हेटमायर 10 गेंद में 14 रन, रोस्टन चेज 16 गेंद में 16 रन, रोवमन पॉवेल 14 गेंद में 12 रन और शेरफेन रदरफोर्ड खाता खोले बिना आउट हुए। अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने 15 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रन की पारी खेली और स्कोर 130 के पार पहुंचाया। होल्डर एक रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जैम्पा ने तीन विकेट लिए, जबकि नाथन एलिस और मैक्सवेल को दो-दो विकेट मिले। वहीं, बेन ड्वारशुइस को एक विकेट मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही थी। ग्लेन मैक्सवेल 10 गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 12 रन और कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इंगलिस और ग्रीन ने रही सही कसर पूरी कर दी। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। इंगलिस ने 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 78 रन और ग्रीन ने 32 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 56 रन बनाए।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी20 में पाकिस्तान ने बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड, मेजबान टीम की सीरीज में अजेय बढ़त



**ढाका।** मेजबान बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को पाकिस्तान को ढाका के शेरे बांग्ला स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी20 में आठ रन से हरा दिया। इस जीत के साथ बांग्लादेश की टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। पहला टी20 मेजबानों ने सात विकेट से अपने नाम किया था। अब तीसरा टी20 24 जुलाई को ढाका में ही खेला जाएगा। दूसरे टी20 में पाकिस्तान की टीम 134 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। इसी के साथ पाकिस्तान ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। टीम ने 15 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, जो कि पांच विकेट गंवाने के बाद टी20 में उनका सबसे न्यूनतम स्कोर है।

पावरप्ले यानी शुरूआती छह ओवर खत्म होने के बाद पाकिस्तान ने पांच विकेट गंवाकर 16 रन बनाए थे। टीम ने पांचवें ओवर तक ही 15 रन पर फखर जमां (8 रन), सैम अयूब (1 रन), मोहम्मद हारिस (0), हसन नवाज (0) और मोहम्मद नवाज (0) के विकेट गंवा दिए थे। पांच विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान का इससे पहले न्यूनतम स्कोर 16 रन का था, जो उन्होंने 2024 में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाए थे। अब पाकिस्तान की टीम एक स्तर और नीचे गिर गई। कप्तान सलमान अली आगा ने 23 गेंद में नौ रन, खुशदिल शाह ने 13 रन की पारी खेली। हालांकि, पुछल्ले बल्लेबाजों के रन की वजह से पाकिस्तान की टीम 125 के स्कोर तक पहुंच पाई।

# मांडविया ने अधिक पारदर्शिता के लिए खेल प्रशासन विधेयक पेश किया, बीसीसीआई भी शामिल



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को लोकसभा में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक पेश किया। इस विधेयक में एक ऐसे बोर्ड के गठन का प्रस्ताव है, जिसके पास नियम बनाने और धनी बीसीसीआई सहित सभी महासंघों के कामकाज की निगरानी करने के व्यापक अधिकार होंगे। मांडविया ने यह विधेयक पेश किया जिसमें जवाबदेही की एक सख्त व्यवस्था बनाने के लिए एक राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) के गठन का प्रावधान है। सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को केंद्र सरकार से धन प्राप्त करने के लिए एनएसबी से मान्यता प्राप्त करनी होगी।

### 'सरकार को ही तमाम सवालों के जवाब देने पड़ते हैं...'

खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, 'यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है कि इस तरह के फैसले करने में सरकार का पूरा नियंत्रण हो। जब भी राष्ट्रीय हित शामिल होता है, तो सरकार को ही तमाम सवालों के जवाब देने पड़ते हैं इसलिए अंतिम फैसला करने का अधिकार उसके पास होना उचित है।' इस वर्ष अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में और खटास पैदा हो गई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव हुआ था, जो पाकिस्तान के युद्ध विराम के अनुरोध पर समाप्त हुआ था।

पहलगाम हमले के बाद भी दोनों देश बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) का सदस्य है जिसका चार्टर राजनीति के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव पर रोक लगाता है। भारत ने अगले महीने होने वाले हॉकी एशिया कप और इस वर्ष के अंत में होने वाले जूनियर निशानेबाजी विश्व कप के लिए पाकिस्तान के देश में प्रवेश का रास्ता भी साफ कर दिया है, ताकि ओलंपिक चार्टर का अनुपालन किया जा सके। बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी के अधिकार प्राप्त करने के लिए चार्टर का पालन करना अनिवार्य होता है और भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में शामिल है।

### बीसीसीआई ने आरटीआई के दायरे में आने का कड़ा विरोध किया

विधेयक के उद्देश्यों के विवरण में कहा गया है, '...2036 के ओलंपिक खेलों की बोली लगाने की तैयारी के एक भाग के रूप में, यह आवश्यक है कि खेल प्रशासन परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाया जाए ताकि बेहतर परिणाम, खेल उत्कृष्टता और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन में सहायता मिल सके।' सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल संस्थाएं सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के दायरे में भी आएंगी, जिसका बीसीसीआई ने कड़ा विरोध किया है क्योंकि यह सरकारी धन पर निर्भर नहीं है।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने संसद के बाहर कहा, 'अब हमें विधेयक का अध्ययन करना होगा और देखना होगा कि क्या हमें इसे समिति (सर्वोच्च परिषद) के समक्ष रखना चाहिए। उसके बाद ही हम कोई टिप्पणी कर सकते हैं। जाहिर है कि बीसीसीआई के सदस्य विधेयक और उसके प्रावधानों का अध्ययन करेंगे और अगर इसे किसी समिति के समक्ष रखा जाता है, तो वे इसका अध्ययन करेंगे और फिर देखेंगे कि क्या करने की आवश्यकता है। हम सरकार के साथ भी चर्चा करेंगे।' मंत्रालय ने जोर देकर कहा है कि बीसीसीआई, जो 2028 लॉस एंजिल्स खेलों की सूची में क्रिकेट को शामिल किए जाने के बाद अब ओलंपिक का हिस्सा है, को विधेयक के अधिनियम बन जाने के बाद इसके प्रावधानों का पालन करना होगा।

### अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर उचित रोक लगाने का अधिकार

इस विधेयक के मुताबिक, केंद्र सरकार को 'राष्ट्रीय हित में निर्देश जारी करने और रोक लगाने की शक्ति' संबंधी धारा के तहत एक आदेश के द्वारा असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर उचित रोक लगाने का अधिकार होगा। खिलाड़ियों की भागीदारी का मामला अक्सर पाकिस्तान के संबंध में सामने आता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने को लेकर सरकार की नीति पिछले कुछ वर्षों से बेहद स्पष्ट रही है। अगर कोई ऐसी प्रतियोगिता हो जिसमें कई देश भाग ले रहे हों तो उसमें भागीदारी पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय आयोजनों का तो ह्यसवाल ही नहीं उठता मुंबई में 2008 में आतंकी हमले के बाद यही स्थिति बनी हुई है।

### विधेयक में राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण का प्रस्ताव

एक और उल्लेखनीय विशेषता राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण का प्रस्ताव है। इसके मुताबिक, एक सिविल कोर्ट के पास शक्तियां होंगी और वह महासंघों और एथलीटों से जुड़े चयन से लेकर चुनाव तक के विवादों का निपटारा करेगा। एक बार स्थापित होने के बाद, न्यायाधिकरण के निर्णयों को केवल सर्वोच्च न्यायालय में ही चुनौती दी जा सकेगी। यह विधेयक प्रशासकों के लिए आयु सीमा के मुद्दे पर कुछ रियायतें देता है, जिसमें 70 से 75 वर्ष की आयु के लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई है, बशर्ते संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के नियम और उपनियम इसकी अनुमति दें। यह राष्ट्रीय खेल संहिता से अलग है, जिसमें आयु सीमा 70 वर्ष निर्धारित की गई थी।

# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 8वीं वाहिनी

## एनडीआरएफ में रुद्राभिषेक एवं ध्यान सत्र का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाशिवरात्रि जैसे अत्यंत पावन पर्व पर 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), गाजियाबाद परिसर में आज आध्यात्मिक वातावरण में रुद्राभिषेक एवं ध्यान सत्र का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य गुरुजी मुनिश महाराज एवं गुरुमाता के दिव्य सान्निध्य में किया गया। समारोह में पी.के. तिवारी, डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल, 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ के साथ-साथ वाहिनी के समस्त अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, बचावकर्मी एवं



उनके परिवारजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। भगवान शिव का अभिषेक गुरुजी द्वारा हाल ही में पूर्ण की गई मानसरोवर यात्रा से लाया गया पवित्र जल से किया गया। यह जल हिमालय की पवित्र ऊंचाइयों से लाया गया था, जिसे शुद्धता, शक्ति और आत्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। भगवान भोलेनाथ का यह दिव्य



रुद्राभिषेक वाहिनी में कार्यरत सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण, स्वास्थ्य, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना के साथ सम्पन्न हुआ।

समारोह के अंत में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल पी.के. तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि गुरुजी एवं गुरुमाता को श्रद्धापूर्वक धन्यवाद ज्ञापित किया गया, और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन हमारे बल के सदस्यों के मनोबल को मजबूत करते हैं और उनके परिवारों में भी संस्कार और आस्था का भाव जागृत करते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान परिसर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा। भजन, मंत्रोच्चार और ध्यान के साथ यह आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया।

# शिवरात्रि पर पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

## दिनेश गोयल ने इस परंपरा को कई वर्षों से किया हुआ है कायम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा पुरा परशुरामेश्वर महादेव बागपत जनपद बागपत में भोले बाबा के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों द्वारा 43 वर्षों से निरंतर चलाए जा रहे। उन्होंने शिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक कर भोग लगाकर चौथे दिन भंडारा पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर बागपत पर आरकेजी धर्मशाला में किया गया। दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा गया कि भगवान भोलेनाथ पर रुद्राभिषेक कर बाबा का आशीर्वाद लिया।

# सुल्लामल रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने सीएम रेखा गुप्ता से की शिष्टाचार भेंट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की और आगामी रामलीला महोत्सव 2025 में पधारने हेतु उन्हें औपचारिक आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर कमेटी के



संरक्षक राजेंद्र मित्तल 'मेदीवाले', अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल 'मोनू', तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कमेटी के संरक्षक राजेंद्र मित्तल मेदी वालों के द्वारा मुख्यमंत्री को रामलीला महोत्सव की परंपरा, सांस्कृतिक महत्व और जनसहभागिता की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने रामलीला को भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर बताते हुए आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# उत्तराखंड की महिलाओं ने बड़े धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तराखंड की महिलाओं ने बड़े धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव जिसमें मां भगवती कीर्तन मंडली वैशाली , महिला मंडल वैशाली, और कई ग्रुप ने मिलकर ये कार्यक्रम किया गया। सावन में मनाए जाने वाला उत्तराखंड का पारंपरिक त्योहार हरेला और तीज को एक साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के पारंपरिक त्योहारों और उत्तराखंड के कल्चर को आगे बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम विशेष तौर से किया जाता है। सभी महिलाएं उत्तराखंड की पारंपरिक परिधान में थी। सभी महिलाओं ने हरी साड़िया के साथ उत्तराखंड के पारंपरिक आभूषण पहने हुई थी। महिलाओं ने एक जैसे पहनावे में आकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वातावरण को उत्तराखंडी बना दिया। और ऐसा लगा जैसे हम उत्तराखंड में ही है। कार्यक्रम की संयोजक मंजू जोशी जी ने बताया इस पावन सावन महोत्सव को विगत कई वर्षों से लगातार कराती आ रही है जिसमें वैशाली/ इंदिरापुरम / वसुंधरा एन सी आर की सैकड़ों महिलाओ ने हिस्सा लेती है ये महोत्सव सोपरिक्स मॉल के (फैब्रिक टैरिस) में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। सभी महिलाओं का गेट पर टीका लगाकर और फूल देकर आयोजकों ने स्वागत किया। सम्मान पाकर महिलाएं बहुत ही खुश थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन , गणेश बंदना से की गई और महिलाओं ने भोले बाबा के भजनों से पूरा माहौल भोलेमय हो गया। इस कार्यक्रम को महिलाओं ने भक्तिमय बना दिया। उसके बाद महिलाओ ने सावन के गाने और उत्तराखंड के पारंपरिक गानों से माहौल को खुशनुमा बना दिया। उत्तराखंडी गानों पर खूब थिरकी महिलाएं और खूब झुला झूली प्रोग्राम में कई प्रकार के प्रतियोगिताएं रखी गई थी। जिसमें महिलाओं के बीच कई गाने और नृत्य, मेंहदी, रंगोली, कुर्सी दौड़, रैंप वॉक अन्य प्रतियोगिता कराई गई। विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। महिलाओं ने कार्यक्रम का खूब इंजॉय किया कार्यक्रम में कई प्रकार के व्यंजन परोसे गए जिनका महिलाओं ने खूब लुप्त उठाया। कार्यक्रम में आयोजक मंजू जोशी,गंगा मैया, रेखा गुड्डी, तनुजा,दीपा, सावित्री, रमा,पुष्पा, कौशल्या, कुसुम,परवीन, सुनैना,रजनी, ऊषा, ज्योति, शशि, भावना, दीपा अन्य महिलाएं शामिल रही।

# सावन शिवरात्रि पर गोविंदपुरम के शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रावण मास की शिवरात्रि भगवान भोलेनाथ का विशेष दिन होता है, जब भक्तजन उपवास रखते हैं। जलाभिषेक करते हैं और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण को पवित्र बनाते हैं। यह दिन केवल पूजा का नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, आस्था और भगवान शंकर की कृपा प्राप्ति का दिन है। बुधवार को शिवरात्रि के पावन पर्व पर गोविंदपुरम गाजियाबाद के शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। जल चढ़ाने को लेकर महिलाएं और पुरुष हजारों की संख्या में मंदिर में आए। इस मौके पर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सावन के महीने में शिव की पूजा करने से भक्तों की



मनोकामना पूर्ण होती है। कांवड़िए इस दिन गंगा जल लेकर आते हैं और शिवालयों में जल चढ़ाते हैं। सावन शिवरात्रि का बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है। ऐसा माना जाता है कि सावन का पूरा महीना ही भगवान शिव को बहुत ज्यादा प्रिय है। इस माह में सोमवार के व्रत के साथ-साथ शिवरात्रि का दिन भी भगवान शिव की विशेष कृपा पाने के लिए बहुत फलदायी माना जाता है। इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा और आराधना सभी मनोकामनाओं को पूरी करती है। कांवड़ियों का भी पड़ाव इस प्राचीन मंदिर में रहा। उनकी सेवा भी भक्तिभाव भोले के प्रति श्रद्धाभाव रहा। इस अवसर पर पंडित गौरव शास्त्री ने कांवड़ लाने वाले भक्तों का स्वागत और सत्कार किया।

# पार्षद संजय सिंह ने किया फौजी शहीद मेले का शुभारंभ, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शिप्रा मॉल के मैदान में फौजी शहीद मेला का शुभारंभ पार्षद संजय कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल डॉ. जे.पी. सिंह, निदेशक, वीर रक्षा फाउंडेशन नोएडा ने की। यह मेला कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य है देश के उन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देना जिन्होंने भारत की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी। यह मेला आगामी 30 दिनों तक चलेगा और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति, सैनिकों की वीरता और उनके योगदान को उजागर करेगा। पार्षद संजय कुमार ने कहा कि, इस प्रकार के आयोजन हमारे युवाओं में देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। फौजी शहीद मेला एक ऐसा मंच है जहाँ आम नागरिक हमारे वीर सपूतों के बलिदान को महसूस कर सकते हैं। मैं इस पहल के लिए जय कैला मां एम्यूजमेंट एवं वीर रक्षा फाउंडेशन को हार्दिक बधाई देता हूँ। कर्नल डॉ. जे.पी. सिंह ने कहा कि, वीर रक्षा फाउंडेशन का मूल मंत्र है – 'फौजियों का सम्मान, वीर रक्षा का आह्वान'। यह देखा गया है कि सैनिकों के सम्मान की चर्चा केवल 15 अगस्त, 26 जनवरी या कारगिल दिवस जैसे अवसरों तक सीमित रह जाती है, जबकि उनका योगदान वर्ष भर समाज और राष्ट्र की प्रगति में बना रहता है। हमें चाहिए कि हम पूर्व सैनिकों के योगदान को निरंतर पहचान दें और समाज में उन्हें सम्मानित करें।

## राज्य स्तर योग चैंपियनशिप में नमन रावत, युवराज और आशीष ने किया कमाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साक्षी पावर योग अकादमी के छात्रों ने राज्य स्तर योग चैंपियनशिप में दिखाया कमाल जिसमें युवराज, नमन रावत, आशीष और ओम ने जीते पदक। यह चैंपियनशिप कृष्ण भवन सिसौली मुजफ्फरनगर में आयोजित की गई थी जिसमें कई अकादमी के छात्रों ने हिस्सा लिया उनमें साक्षी योग पावर अकैडमी के छात्रों ने कमाल कर दिया और गाजियाबाद के लिए कई मेडल जीते। जूनियर आर्टिस्टिक पेयर में युवराज और आशीष ने गोल्ड मेडल जीता। युवराज और नमन ने कांस्य पदक जीता जबकि ओम ने सीनियर ट्रेडिशिनल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।




## इस बार खाकी ने भी किया जमकर जलाभिषेक

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में साल बदला है, तो हाल भी बदले हैं। साहब बदले हैं तो वर्किंग का स्टाइल और अन्य बदलाव भी देखने को मिले हैं। बुधवार को सावन मास की शिवरात्रि का जलाभिषेक रहा। जिसमें पिछले दफे कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जलाभिषेक करने पर कई लोगों को फटकार और ड्यूटी प्वाइंट से हटाया गया था। तो इस बार बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारियों से लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने भगवान भोलेनाथ का न सिर्फ जलाभिषेक किया बल्कि प्रसाद ग्रहण करने से लेकर भक्ति भाव में भी नजर आए। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस बार सावन शिवरात्रि पर व्यवस्था पिछले साल की तुलना में अधिक बेहतर और सरल नजर आई है। कहीं हंगामा और लाठी का प्रयोग नहीं हुआ। तो अधिकारियों ने कूल मूड के साथ बेहतर प्रबंध करके दिखाया है। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मंगलवार की रात कमिश्नरेट के साहब, उनके नीचे वाले साहब, सिटी वाले साहब और कई खास एसीपी शिवरात्रि के महा जलाभिषेक की तैयारी में रात भर डटे रहे। इस बार कई महिला अधिकारियों की ड्यूटी खास तौर पर



लगाई गई थी ताकि किसी प्रकार का कोई मैनेजमेंट ना बिगड़े। तो वहीं गर्भ ग्रह में भी महिला टू-स्टार इस बार भी नजर आईं, जो बीते कई सालों से अपनी ड्यूटी देने का काम कर रही हैं। तो इस बार ड्यूटी में ओल्ड वर्सेस यंग वाला कांबिनेशन देखने को मिला है। यहां बड़ी संख्या में महिला टू-स्टार 2023 बैच की लगाई गई थी। तो सीनियर सब इंस्पेक्टर महिला भी नजर आ रही थी। कुल मिलाकर चौकी से लेकर मंदिर के भीतर तक कई एसीपी स्तर के अधिकारी राउंड द क्लॉक ड्यूटी दे रहे थे। तो वहीं इलाके वाले एसीपी पुलिस की पलटन के साथ हर चीज पर नजर रखने का काम कर रहते रहे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस बार किसी भी पुलिसकर्मी को इस बात के लिए चेतावनी और फटकार नहीं लगाई गई है, जो पिछले साल देखने को मिला था। वहीं यह भी सुनने में आ रहा है और नजर भी आया कि इस बार पिछले साल की तुलना में भीड़ थोड़ी कम थी। जिसकी वजह से सभी व्यवस्थाएं और ज्यादा बेहतर और व्यवस्थित नजर आई हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सावन मास के महा जलाभिषेक को लेकर कंट्रोल रूम से लेकर चौकी वाले कैमरे तक की भरपूर निगरानी रही। जिसका नतीजा है की पूरी व्यवस्था शानदार और संपन्न हुई है।

# हरिद्वार से 151 लीटर की कांवड़ लेकर आये हर्षित भोले का संजय नगर में हुआ जोरदार स्वागत

## हरिद्वार से संजय नगर की यात्रा में हर्षित भोले को 53 दिनों का समय लगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रावण मास की शिवरात्रि पर संजय नगर सैक्टर 23 के हर्षित भोले ने हरिद्वार से संजय नगर स्थित शिवमंदिर पर 151 लीटर गंगाजल की कांवड़ लाकर जलाभिषेक किया। हर्षित भोले ने एक जून को हरिद्वार हर की पौड़ी से 151 लीटर गंगाजल की कांवड़ उठाकर अपनी यात्रा प्रारंभ की थी। और 53 दिनों की कठिन यात्रा के पश्चात 23 जुलाई को संजय नगर के शिव मंदिर पर भोले के द्वारा जलाभिषेक किया गया। संजय नगर में 151 लीटर गंगाजल की कांवड़ पहली बार लायी गयी है। जिसके कारण कांवड़ के संजय नगर पहुँचने पर






भाजपा के राजनगर मण्डल, स्थानीय निवासियों, व्यापार मंडल, और अनेक व्यापारियों ने हर्षित भोले का माला पहनाकर और पुष्प वर्षा करके जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए पूरे जोश के साथ जयकारे लगाते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। संजय नगर में पहली बार भारी कांवड़ आने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर देखी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमर दत्त शर्मा, बिरेंद्र बाबू वर्मा, मण्डल अध्यक्ष नीरज त्यागी, पार्षद कपिल वशिष्ठ, विनीत शर्मा, अशोक चांदीवाल, मोहन सिंह रावत, पवन शर्मा, महामंत्री अरूण शर्मा, मनोज वर्मा, शुभ चौधरी, कौशल तेवतिया, पूजा सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# यूपी रेरा में रार, अध्यक्ष भूस रेड्डी पर भाई-भतीजावाद फैलाने का आरोप

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूस रेड्डी पर भाई भतीजा वाद का गंभीर और आप लग रहा है। उन्होंने अपने बेटे जयेश भूस रेड्डी को रेरा एनसीएलटी कमेटी का सदस्य बनाया है जिसको लेकर रेरा में ही विरोध उत्पन्न हो गया है। ऑर्डर की कॉपी में साफ तौर पर लिखा गया है कि संजय भूस रेड्डी के आदेश से जयेश को एनसीएलटी कमेटी का मेंबर नियुक्त किया गया है। इसे लेकर रेरा में ही रार मचा हुआ है। रेरा के अन्य सदस्यों ने नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर कहा कि इससे रेरा की विश्वसनीयता पर संदेह है जताने का कई कारण उत्पन्न हो गए हैं। क्या



रेरा के अध्यक्ष अपने ही परिवार के सदस्यों को विभिन्न कमेटियों का सदस्य बना सकते हैं। मामला उछलने के बाद रेडा के अध्यक्ष संजय भूसा रेड्डी ने कहा कि बेटे को मार्च में ही कमेटी से हटा दिया गया था। लेकिन इस बारे में सरकार की ओर से अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है। इस विषय पर सरकार के विभागों ने भूसा रेड्डी से कोई सवाल जवाब नहीं किया है। भूस रेड्डी पहले से ही कई विवादों में घिर चुके थे।

# थाना अंकुर विहार ने कराया महाकालेश्वर धाम में भंडारा

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के रामेश्वर पार्क स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में कई दिनों से कांवड़ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। और सुबह शाम प्रसाद वितरण किया जा रहा है। शिविर में सैकड़ों शिव भक्त कांवड़ियों के रुकने, खाने पीने जैसी सभी उचित व्यवस्था उपलब्ध है। मंदिर के महंत बाबा श्री हरिकिशन मुनि महाराज ने बताया कि यहां हर वर्ष शिव भक्तों की सेवा के लिए कांवड़ शिविर लगाया जाता है। जिसमे सभी सेवादारों के साथ साथ संबंधित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाते हैं। इसी कड़ी में भंडारा पुलिस थाना अंकुर विहार की तरफ से आयोजित किया गया जिसमें भक्तों के लिए



सभी तरह के प्रसाद की व्यवस्था थी। कोतवाली प्रभारी अंकुर विहार रविन्द्र कंबोज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि धामा, अंशु पहलवान गौरक्षक, धर्मपाल सिंह, खन्ना नगर चौकी प्रभारी प्रतीक कुमार, दरोगा अंकित कटियार, दरोगा मुकेश कुमार, दरोगा सर्वेश राठौड़, रोहताश जाट, राजीव त्यागी, अमित धामा, विनोद कुमार सचिन बालियान, अशोक कुमार संजय गुर्जर, ओमकार प्रधान, आनंद, राजू, धर्मेंद्र राणा, इनाम, सहित सैकड़ों भक्तों ने कांवड़ियों की सेवा की और देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने चिकित्सा सेवा शिविर किया आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रोटरी क्लब ऑफ गाजियबाद स्मार्ट सिटी द्वारा दिनांक 15 जुलाई से 23 जुलाई तक निःशुल्क कांवड व चिकित्सा सेवा शिविर, मनन धाम मन्दिर के सामने एवं आशीर्वाद पाइप डिपो प्रा० लि० के निकट, मेरठ रोड, गाजियाबाद में राष्ट्रीय समाज एवं धमार्थ सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया है।

कांवड़ यात्रा शिव भक्तों की वार्षिक तीर्थयात्रा है, जिन्हें कांवड़ियों के नाम से जाना जाता है। ये शिव भक्त हरिद्वार और गंगोत्री जैसे हिन्दू तीर्थ स्थानों से गंगा नदी का पवित्र जल लेकर भारतवर्ष के विभिन्न शिव मंदिरों में चढ़ाते हैं। इस वर्ष भी क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से सभी कांवड भक्तों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा व दवाईयां कुशल डाक्टर्स की देखरेख में एवं भोजन भण्डारा का प्रबन्ध किया गया है। जिसमें 24 घंटे सेवा उपलब्ध है। पिछले वर्ष इस शिविर में एक लाख से अधिक कांवड़ियों की निःशुल्क सेवा की गयी थी। इस वर्ष भी एक लाख से अधिक शिव भक्तों के आने की आशा है।

क्लब के सभी सदस्यों ने इस शिविर में सौहार्दपूर्वक हिस्सा लिया और निस्वार्थ भाव से अपना योगदान किया है। शिविर मे रोटरी क्लब प्रैसीडेन्ट भारती गर्ग, सचिव प्रवीन गोयल, आशीष गर्ग, डा० राकेश छारिया, सारंग अग्रवाल, विकास गुप्ता, रीना अग्रवाल, मीनू गुप्ता, ममता अग्रवाल, सुजाता गर्ग, अनु अग्रवाल इत्यादि क्लब सदस्य, एवं राष्ट्रीय समाज एवं धमार्थ सेवा संस्थान के संस्थापक आचार्य डा० राहुल चतुर्वेदी ने उपस्थित होकर कांवडियो की सेवा के द्वारा इस शिविर के आयोजन में अपना सहयोग किया।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह शिव की भक्ति है यह आस्था है तभी नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी शिव का यह भेष धारण किया है। समाजसेवी अजय गुप्ता के पोते मास्टर अयाश तथा उनके नाती मास्टर अवयम ने शिव भक्ति के इस बाल स्वरूप को साझा किया। शिव भक्ति की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# चीनी नागरिकों को 5 साल बाद फिर वीजा देगा भारत 24 जुलाई से आवेदन शुरू

**बीजिंग।** पांच साल बाद भारत ने चीनी नागरिकों को टूरिस्ट वीजा जारी करना दोबारा शुरू कर दिया है। यह फैसला दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। 2020 में कोविड और गलवान संघर्ष के बाद यह सेवा बंद थी। हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर की चीन यात्रा के बाद यह सकारात्मक पहल हुई है। भारत और चीन के रिश्तों में आई तल्खी अब धीरे-धीरे पिघलती दिख रही है। पांच साल के लंबे अंतराल के बाद भारत ने चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा देना दोबारा शुरू कर दिया है। यह कदम दोनों देशों के बीच रिश्तों को सामान्य करने की दिशा में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। खासकर गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़पों के बाद से रिश्तों में जो खटास आई थी, वह अब कम होती



नजर आ रही है।

### 2020 में बंद हुआ था वीजा जारी करना

भारत ने वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा देना बंद कर दिया था। हालांकि बाद में महामारी से जुड़ी पाबंदियां कई देशों के लिए हट गईं, लेकिन चीन के लिए यह रोक जारी रही। इसकी बड़ी वजह लद्दाख के पूर्वी इलाके में भारत-चीन सैन्य टकराव और तनावपूर्ण हालात थे। अब जाकर यह पाबंदी हटाई गई है।

### जयशंकर और वांग यी की बैठक

यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है जब हाल ही में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 14-15 जुलाई को बीजिंग में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से विस्तार से बातचीत की थी। जयशंकर वहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने पर जोर दिया।

### लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर तनाव में आई कमी

भारत और चीन के बीच पिछले साल अक्टूबर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य तनाव में कमी आई थी। दोनों देशों की सेनाएं कई इलाकों से पीछे हटीं, जिससे बातचीत का रास्ता फिर खुला। इसके बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे कुछ ऐसे कदम उठाए हैं, जिससे रिश्तों को दोबारा पटरी पर लाया जा सके। हाल ही में कैलाश मानसरोवर यात्रा भी पांच साल बाद फिर से शुरू हुई है, जो कि सकारात्मक संकेत है।

### संबंधों में नया मोड़, लेकिन सतर्कता बनी रहेगी

हालांकि पर्यटक वीजा फिर से जारी करना एक सकारात्मक कदम है, लेकिन भारत इस प्रक्रिया में पूरी सतर्कता बरत रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने वांग यी से मुलाकात के दौरान स्पष्ट किया था कि रिश्तों को आगे ले जाने के लिए दोनों देशों को दूरदर्शिता और पारस्परिक सम्मान की भावना रखनी होगी। यह कदम न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि दोनों देशों के बीच जनसंपर्क को भी मजबूती देगा।

# ट्रंप पर टिप्पणी मामले में जर्मन कॉमेडियन बरी
## जज बोलीं- यह एक व्यंग्य था, न कि हिंसा के लिए उकसावा



**बर्लिन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चुनाव प्रचार के दौरान हुए हमले को लेकर तंज करने वाले जर्मन कॉमेडियन को स्थानीय अदालत ने बरी कर दिया है। मामले में जज एंड्रिया विल्म्स ने कहा- यह एक व्यंग्य था, न कि हिंसा के लिए उकसावा था। जर्मनी की एक अदालत ने बुधवार को एक लोकप्रिय व्यंग्यकार सेबेस्टियन होट्ज को बरी कर दिया, जिन पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले को लेकर सोशल मीडिया पर समर्थन जताने का आरोप था। क्या था मामला 29 वर्षीय सेबेस्टियन होट्ज, जो सोशल मीडिया पर 'एल होट्जो' नाम से जाने जाते हैं, ने जुलाई 2023 में एक्स पर एक पोस्ट किया था। उस समय अमेरिका में चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर पेंसिल्वेनिया के बटलर में गोलीबारी हुई थी, जिसमें ट्रंप के कान पर गोली छू गई थी और एक समर्थक की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद होट्ज ने ट्रंप की तुलना 'आखिरी बस' से करते हुए लिखा, 'अफसोस, बस छूट गई।' इसके बाद एक और पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मुझे यह बेहद शानदार लगता है जब फासीवादी मरते हैं।' हालांकि उन्होंने ये पोस्ट जल्द ही हटा दी थी।

### अभियोजन पक्ष ने क्या लगाया आरोप

जर्मन अभियोजकों ने इन पोस्ट्स को 'हेट क्राइम' यानी घृणा फैलाने वाला अपराध बताया और होट्ज पर 6,000 यूरो (करीब 7,000 अमेरिकी डॉलर) का जुमार्ना लगाने की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि होट्ज के एक्स पर 7.4 लाख फॉलोअर्स हैं और इस तरह की बातें सार्वजनिक शांति भंग कर सकती हैं।

### मामले में अदालत का फैसला

बर्लिन की टियरगार्टन जिला अदालत की जज आंद्रेया विल्म्स ने अपने फैसले में कहा कि होट्ज की टिप्पणियां व्यंग्य की श्रेणी में आती हैं और उन्हें दंडनीय नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि भले ही यह टिप्पणी अच्छी न हो, लेकिन इससे किसी को हिंसा के लिए प्रेरित नहीं किया जा सकता है।

### पत्रकार संगठनों की प्रतिक्रिया

जर्मन पत्रकार संघ ने भी इस मुकदमे की आलोचना की और कहा कि इसे ₹जरूरत से ज्यादा सख्ती₹ से लिया गया। उन्होंने कहा कि व्यंग्य को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में उदारता से समझा जाना चाहिए। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया कि सार्वजनिक प्रसारणकर्ता आरबीबी ने पहले ही होट्ज के साथ अपने संबंध खत्म कर दिए थे।

# इस्राइली हवाई हमलों में गाजा में 21 फलस्तीनियों की मौत, नाकेबंदी से भुखमरी की स्थिति

**दीर अल बलाह।** गाजा के दीर अल-बलाह इलाके में इस्राइली हवाई हमलों में 21 लोगों की मौत हुई, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। युद्ध, नाकेबंदी और बदहाल हालात के चलते गाजा में भुखमरी और अराजकता चरम पर है। युद्ध में अब तक 59,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। मानवाधिकार संगठनों ने गाजा में बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई और इस्राइल पर राहत में बाधा डालने का आरोप लगाया है।

गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह इलाके में मंगलवार देर रात और बुधवार को इस्राइली हवाई हमलों में 21 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। फलस्तीन के इस इलाके में हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। करीब 20 लाख की आबादी वाले गाजा में इस्राइल की नाकेबंदी और लंबे समय से जारी सैन्य कार्रवाई के कारण भुखमरी की स्थिति बन चुकी है। कानून-व्यवस्था खत्म हो चुकी है और लूटपाट आम हो गई है। राहत सामग्री के वितरण के दौरान भी हिंसा बढ़ गई है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि मई से अब तक 1,000 से ज्यादा फलस्तीनी नागरिकों की उस समय मौत हो



चुकी है, जब वे गाजा में खाना हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। अधिकतर मौतें अमेरिकी समर्थित राहत वितरण केंद्रों के पास हुई हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस युद्ध में अब तक 59,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। मंत्रालय का कहना है कि इनमें से भी आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। यह मंत्रालय हमास के प्रशासन का हिस्सा है, लेकिन इसमें काम करने वाले कर्मचारी पेशेवर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां इसके मौत के आंकड़ों को सबसे भरोसेमंद मानती हैं।

### तीन अलग-अलग हमलों में हुई मौतें

मंगलवार रात पहला हमला गाजा सिटी के उत्तर-पश्चिम इलाके में एक घर पर हुआ। शिफा अस्पताल के मुताबिक, इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जिनमें छह बच्चे और दो महिलाएं शामिल थीं। दूसरा हमला उत्तरी गाजा के तल अल-हवा इलाके में एक अपार्टमेंट पर हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हुई। मृतकों में तीन बच्चे और दो महिलाएं थीं, जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी। इस हमले में आठ लोग घायल भी हुए। तीसरा हमला गाजा सिटी के नासेर इलाके में एक तंबू पर हुआ, जिसमें तीन बच्चों की जान चली गई। इस्राइली सेना ने इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। आमतौर पर इस्राइली सेना का कहना होता है कि हमास आबादी वाले इलाकों से हमला करता है, जिससे आम लोगों की मौतें होती हैं।

### मानवाधिकार संगठनों की चेतावनी

बुधवार को 109 मानवाधिकार संगठनों और चैरिटी संस्थाओं ने एक साझा पत्र जारी किया। इसमें गाजा की स्थिति को खौफनाक बताया गया और कहा गया कि लोग भूख से मर रहे हैं। उन्होंने इस्राइल पर मदद पहुंचाने में बाधा डालने का आरोप लगाया और राहत शिविरों पर हुए हमलों को 'जनसंहार' करार दिया।

# टेक्सास में भीषण बाढ़ की जांच शुरू, चेतावनी न मिलने पर गंभीर सवाल, 4 जुलाई से अबतक 135 लोगों की मौत

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास शहर में आए विनाशकारी बाढ़ की जांच शुरू हो गई है। इस मामले में समय पर चेतावनी न मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, बाढ़ के बाद एक समय में 170 से ज्यादा लोग लापता थे। अब भी तीन लोगों की तलाश जारी है। राहत और पुनर्वास के लिए बिल दाखिल किए जा चुके हैं, जिसमें बेहतर चेतावनी प्रणाली और आपातकालीन संचार व्यवस्था की बात कही गई है।

टेक्सास में 4 जुलाई को आई विनाशकारी बाढ़ में कम से कम 135 लोगों की मौत के बाद बुधवार को राज्य के सांसदों ने इसकी जांच शुरू कर दी है। खास तौर पर ग्वाडालूप नदी के किनारे रहने वाले लोगों को समय पर चेतावनी क्यों नहीं दी गई, इस पर सवाल उठ रहे हैं। यह बाढ़ टेक्सास हिल कंट्री में आई थी और सबसे ज्यादा नुकसान केर काउंटी में हुआ, जहां कैंप मिस्टिक नाम के एक ईसाई




ग्रीष्मकालीन शिविर में 27 बच्चों समेत कई लोगों की मौत हो गई। इस क्षेत्र में अब तक नदी किनारे कोई चेतावनी तंत्र नहीं है, जबकि राज्य और स्थानीय एजेंसियों के पास इसे बनाने के कई मौके थे।

### जांच और सियासत साथ-साथ

राज्य विधानसभा का विशेष 30 दिन का सत्र चल रहा है, जिसमें बाढ़ राहत और चेतावनी प्रणाली पर चर्चा हो रही है। लेकिन इसके साथ ही रिपब्लिकन पार्टी द्वारा 2026 चुनावों को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी हाउस सीटों का पुनर्निर्धारण करने का मुद्दा भी सत्र में शामिल है, जिससे सियासी तनाव बढ़ गया है।

### डेमोक्रेट्स की चेतावनी और विरोध

डेमोक्रेट पार्टी चाहती है कि पहले बाढ़ राहत और चेतावनी प्रणाली के मुद्दों को निपटाया जाए, फिर अन्य मामलों पर चर्चा हो। उन्होंने वोटिंग से पहले वॉकआउट करने का संकेत भी दिया है, ताकि राजनीतिक लाभ के लिए सीटों के पुनर्निर्धारण को रोका जा सके। मामले में सोमवार को डेमोक्रेट सांसदों ने स्पीकर को चिट्ठी लिखकर साफ किया कि वे तब तक कोई और काम नहीं करेंगे जब तक बाढ़ राहत को प्राथमिकता नहीं दी जाती।

### रिपब्लिकन की सख्ती

रिपब्लिकन पार्टी बहुमत में है, इसलिए डेमोक्रेट्स के पास विरोध के सीमित रास्ते हैं। अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने वॉकआउट करने वाले विधायकों की गिरफ्तारी तक की चेतावनी दी है। इसके अलावा गैरहाजिर रहने पर विधायकों पर हर दिन 500 डॉलर का जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक, सांसदों की एक टीम 31 जुलाई को सबसे प्रभावित क्षेत्र केरविल का दौरा करेगी और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी बात सुनेगी।

# डबलिन में भारतीय शख्स पर हमले को लेकर भारत सख्त
## कहा- पीड़ित के संपर्क में, अधिकारियों से बात कर रहे

**डबलिन।** आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ने सोशल मीडिया पर इस हमले पर अपनी हैरानी और नाराजगी जताई। उन्होंने इस हिंसक हमले की आयरिश मीडिया कवरेज पर भी सवाल उठाए। आयरलैंड की राजधानी डबलिन इलाके में 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर नस्लभेदी हमला किया गया है। घायल शख्स अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित तीन हफ्ते पहले काम की तलाश में वहां पहुंचा था। हमलावरों ने उसे बेरहमी से पीटा। उसके चेहरे, हाथों और पैरों में गहरी चोटें आई हैं। आयरलैंड में भारतीय राजदूत ने अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग की है। आयरलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, 'डबलिन के टॉलेट में एक भारतीय नागरिक पर हुए हमले की हालिया घटना के संबंध में दूतावास पीड़ित और उसके परिवार के संपर्क में है। सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। दूतावास इस संबंध में संबंधित आयरिश अधिकारियों के भी संपर्क में है।' इससे पहले स्थानीय रिपोर्टों में बताया गया कि शनिवार शाम को टॉलेट के पार्कहिल रोड पर भारतीय शख्स पर हमला हुआ।




पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचा गया। घायल को अस्पताल ले जाया गया। आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ने सोशल मीडिया पर इस हमले पर अपनी हैरानी और नाराजगी जताई। उन्होंने इस हिंसक हमले की आयरिश मीडिया कवरेज पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'एक कथित हमले से इतनी भयानक चोट और खून कैसे आ सकता है? आयरलैंड के राष्ट्रीय मीडिया आउटलेट की असंवेदनशीलता और अस्पष्टता देखकर स्तब्ध हूं। उम्मीद है कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। एक स्थानीय अखबार के अनुसार टॉलेट साउथ के फाइन गेल पार्टी के पार्षद बेबी पेरेप्पाडन ने सोमवार को उस व्यक्ति से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वह अब भी सदमे में है।

### बलूच नेता का दावा- बुरी तरह नाकाम हुआ पाकिस्तानी सेना का शाहीन-3 मिसाइल परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने 22 जुलाई 2025 को शाहीन-3 मिसाइल का नाकाम परीक्षण किया। मिसाइल डेरा गाजी खान इलाके से छोड़ी गई थी लेकिन यह नागरिक इलाके के बेहद पास जाकर गिरी। बलूच नेता मीर यार बलोच ने कहा कि यह परीक्षण आम नागरिकों की जान को खतरे में डालते हैं व क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं।

पाकिस्तानी सेना ने हाल ही में अपनी शाहीन-3 मिसाइल का परीक्षण किया। लेकिन यह परीक्षण में बुरी तरह नाकाम रहा। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। मिसाइल



बलोचिस्तान के डेरा गाजी खान इलाके से छोड़ी गई थी, जो नागरिक इलाकों के पास जाकर गिरी। बलूच नेता मीर यार बलोच ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

बलूच विद्रोही बलूचिस्तान को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं मानते हैं और इस पर पाकिस्तान के कब्जे का विरोध करते हैं। बलूच नेता मीर यार बलोच ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बलूच गणराज्य पाकिस्तान के बार-बार नाकाम मिसाइल परीक्षणों की कड़ी निंदा करता है। पाकिस्तान लगातार बलूचिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन कर रहा है।

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे ट्रंप, फिर बोले- मैंने युद्ध रुकवाया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को एक बार फिर कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया। इस संघर्ष में पांच फाइटर जेट मार गिराए गए थे। उन्होंने 10 मई से अब तक करीब 20 बार यह दावा किया है। भारत बार-बार इसका खंडन कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। करीब 20 से अधिक बार ट्रंप संघर्ष विराम का दावा कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को एक बार फिर कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया। इस संघर्ष में पांच फाइटर जेट मार गिराए गए थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष परमाणु युद्ध में बदलने वाला था। जबकि भारत बार-बार इसका खंडन कर रहा है। वहीं ट्रंप के इस दावे को कांग्रेस ने सिल्वर जुबली करार दिया है। रिपब्लिकन सीनेटरों के लिए आयोजित एक रात्रिभोज के दौरान व्हाइट हाउस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि हमने भारत और पाकिस्तान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा के बीच युद्ध रोक दिए। ये गंभीर युद्ध थे। भारत और पाकिस्तान में जो चल रहा था। वहां से विमानों को मार गिराया जा रहा था। मुझे लगता है कि पांच जेट मार गिराए गए थे। मैंने उन्हें फोन किया और कहा कि सुनो, अब और व्यापार नहीं। अगर तुम ऐसा करोगे, तो तुम्हारा भला नहीं होगा। वे दोनों शक्तिशाली परमाणु संपन्न देश हैं और ऐसा होता ही और कौन जानता है कि इसका क्या नतीजा होता। मैंने इसे रोक दिया। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की पूरी परमाणु क्षमता को नष्ट कर दिया है और कोसोवो और सर्बिया के बीच संघर्ष को भी रोक दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि हमने युद्ध नहीं रोका, लेकिन हमने वह रोका जो युद्ध में बदल सकता था।

# अवैध प्रवास पर ब्रिटेन में सख्ती, विदेश मंत्री लैमी बोले मानव तस्करों को पूरी दुनिया में ढूंढकर देंगे सजा



**लंदन।** ब्रिटेन ने अवैध प्रवास को रोकने के लिए वैश्विक प्रतिबंध प्रणाली शुरू की है। यह दुनियाभर में इस मामले में उठाया गया इस तरह का पहला कदम है। इससे मानव तस्करी में शामिल लोगों की कमर तोड़ने और प्रवासियों के शोषण पर रोक लगाने की उम्मीद की जा रही है। ब्रिटेन ने अवैध प्रवास पर रोक लगाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मानव तस्करी से जुड़े गिरोहों और उनसे जुड़े लोगों व कंपनियों पर दुनिया की पहली वैश्विक प्रतिबंध व्यवस्था लागू की है। ब्रिटिश विदेश कार्यालय (एफसीडीओ) ने बताया कि ये प्रतिबंध उन लोगों पर लगाए गए हैं जो अवैध रूप से प्रवासियों को एक देश से दूसरे देश में भेजने में शामिल हैं। इसमें गिरोह के सरगना, मुख्य बिचौलिये, नाव बनाने वाली चीनी कंपनी, हवाला के जरिए पैसे भेजने वाले और बाल्कन व उत्तरी अफ्रीका में स्थित अपराधी शामिल हैं।

### तस्करों को पूरी दुनिया में ढूंढकर सजा देंगे- लैमी

मामले में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा, 'हम इन तस्करी करने वाले लोगों को पूरी दुनिया में ढूंढकर सजा देंगे। उन्होंने तस्करों को चेताते हुए कहा- मेरा साफ संदेश है, हम जानते हैं कि आप कौन हैं, और हम आपको जवाबदेह ठहराएंगे। 'इस नई प्रतिबंध नीति के तहत, सरकार इन अपराधियों की यूके में मौजूद संपत्ति, बैंक खाते और अन्य वित्तीय संसाधनों को फ्रीज कर सकती है। इसके साथ ही उन्हें यूके यात्रा करने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### किन-किन पर लगाया गया प्रतिबंध?

इसमें मुख्यतः पांच नाम है, जिसमें चार लोग हैं और एक नाव बनाने वाली कंपनी भी शामिल है। सबसे पहले ब्लेदार लाला (अल्बानिया)- ये बेल्जियम से यूके तक प्रवासियों को गैरकानूनी रूप से ले जाने वाले गिरोह का मुख्य सरगना है। दूसरा वेईहाई यामार आउटडोर प्रोडक्ट कंपनी (चीन)- यह कंपनी ऐसी नावें बनाती है जो विशेष रूप से अवैध रूप से प्रवासियों को इंग्लिश चैनल पार कराने के लिए इस्तेमाल होती हैं। इन नावों को ऑनलाइन बेचा गया है। तीसरा अलन बासिल (सर्बिया)- एक पूर्व पुलिस अनुवादक जो अब एक बड़ा मानव तस्कर बन गया है। उसने सर्बिया में प्रवासियों को धमकाने और पुलिस की मिलीभगत से उनका शोषण करने वाला गिरोह चलाया। चौथा मोहम्मद टेटवानी (सर्बिया)- 'हॉरगोस का किंग' कहे जाने वाले मोहम्मद टेटवानी ने एक शरणार्थी शिविर में अपने गिरोह के साथ प्रवासियों को पीटा और जबरन पैसे वसूले। पांचवा मुहम्मद खादिर पीरोट (मध्य-पूर्व)- हवाला बैंकिंग के जरिए पैसे के लेन-देन में शामिल, जिससे प्रवासी तस्कर भुगतान लेते थे।

### तस्करों पर कैसे लगेगी लगाम

मामले में नेशनल क्राइम एजेंसी (एनसीए) के निदेशक ग्राहम बिग्गर ने कहा, 'ये नए प्रतिबंध हमें संगठित प्रवासी अपराध नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई में अतिरिक्त ताकत देंगे। इससे हम इन गैंगों की ऑपरेशनल क्षमता को कमजोर कर पाएंगे।' इसके साथ ही इन सभी पर अब ब्रिटेन में किसी भी प्रकार की वित्तीय गतिविधि पर रोक होगी। न तो ये लोग ब्रिटेन में बैंकिंग कर सकेंगे, न ही संपत्ति रख पाएंगे और न ही यात्रा कर सकेंगे। यह कार्रवाई ब्रिटेन सरकार की ओर से मानव तस्करी पर लगाम लगाने की एक बड़ी पहल मानी जा रही है।

## पीएम इशिबा पर बढ़ा इस्तीफे का दबाव
# बोले- वर के साथ टैरिफ डील का अध्ययन करने का बाद ही लूंगा फैसला

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने कहा कि अमेरिका के साथ टैरिफ समझौते का अध्ययन करने के बाद ही वह इस्तीफे पर फैसला लेंगे। उनकी पार्टी को हाल ही में हुए चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ा है और उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है। जापानी मीडिया के अनुसार, वह अगस्त में अपने इस्तीफे की घोषणा कर सकते हैं।



जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने कहा कि वह अमेरिका के साथ आयात शुल्क (टैरिफ) पर समझौते का अध्ययन करने के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। उनका यह बयान तब आया है, जब हाल ही में चुनाव में उनकी पार्टी को ऐतिहासिक हार मिली है। इशिबा पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि उनकी सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और सहयोगी दल कोमितो ने रविवार को हुए चुनाव में जापान की दो-सदनीय संसद के ऊपरी सदन (248 सदस्यीय) में अपना बहुमत खो दिया। इस हार का मतलब है कि इशिबा की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार अब दोनों सदनों में बहुमत से बाहर हो गई है। इशिबा की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार पहले ही अक्तूबर में निचले सदन में अपना बहुमत खो चुकी थी। अब दोनों सदनों में बहुमत न होने के कारण उनकी सरकार के लिए कोई भी नीतिगत कदम उठाना और मुश्किल हो गया है, जिससे जापान में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ गई है। इशिबा ने सोमवार को एलान किया था कि वह इस्तीफा नहीं देंगे और अमेरिका के साथ जारी टैरिफ वाताओं जैसे अहम मुद्दों पर काम जारी रखेंगे, ताकि देश में राजनीतिक खालीपन न आए। लेकिन उनके इस फैसले के बाद उनकी पार्टी के अंदर और बाहर से उनके तुरंत इस्तीफा देने की मांग उठने लगी।

# सफल हुआ कांवड़ महोत्सव, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित प्लास्टिक मुक्त कांवड़ शिविर का हुआ समापन

## महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा कांवड़ यात्रियों को किया गया प्रसाद वितरण, निगम टीम को दी शुभकामनाएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से होकर लाखों की संख्या में कांवड़ यात्री अपने धाम पहुंचते हैं। व्यवस्था में पुलिस प्रशासन तथा नगर निगम द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाई गई। नगर आयुक्त के नेतृत्व में कांवड़ रूट पर तथा मंदिरों के बाहर व्यवस्था दुरुस्त रही। प्रतिदिन 24 घंटे सेवा भाव से नगर निगम की टीम लगी रही।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्लास्टिक मुक्त तथा जीरो वेस्ट आधारित कांवड़ शिविर का आयोजन भी किया गया जिसका महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सफलतापूर्वक समापन कराया गया जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की कर्मचारी अधिकारी भी उपस्थित रहे तथा पार्षदों की भी उपस्थित बनी रही।



### कांवड़ियों ने सराही निगम की व्यवस्था, महापौर से बोले थैंक यू नगर निगम

**करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रियों ने भी गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए महापौर को धन्यवाद किया गया। महापौर द्वारा प्रसाद वितरण के दौरान सभी उपस्थित कांवड़ यात्रियों का हाल-चाल जाना तथा उनकी यात्रा के सफल होने पर उनको बधाई दी। दिल्ली हरियाणा राजस्थान के कांवड़ यात्रियों ने बेहतर सफाई व्यवस्था तथा आयोजित कांवड़ शिविर में व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम का धन्यवाद किया गया।



### सुरक्षा और स्वच्छता के साथ संपन्न हुआ कांवड़ महोत्सव : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि कांवड़ महोत्सव सफल रहा। मानसून के दौरान लगातार बारिश भी रही जिसमें गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग ने अहम भूमिका निभाई। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित कांवड़ शिविर का भी समापन हो चुका है। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया गया तथा हर वर्ष इसी प्रकार मेहनत से कार्य करने के लिए मोटिवेट किया गया, नगर आयुक्त द्वारा कांवड़ यात्रा सफल होने पर सभी को शुभकामनाएं दी गई।

# मूसलाधार बारिश के दौरान निगम ने जारी रखी जल निकासी

## जलकल विभाग की टीम रही तैनात, नगर आयुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### अतिरिक्त पंप सेट लगाकर तेजी से की गई जल निकासी, मंदिरों तथा कांवड़ रूट पर बनी रही व्यवस्था : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मूसलाधार बारिश के दौरान भी व्यवस्थाओं को बनाए रखने का कार्य किया गया जिसमें ऐसे जल भराव हॉटस्पॉट जहां से जल निकासी में समय लगता है अतिरिक्त पंप सेट लगाकर कार्यवाही कराई गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा खुद भी बारिश के दौरान मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ट्रैफिक व्यवस्था और जल निकासी सुचारु रूप से हो सके मॉनिटरिंग की, स्वास्थ्य विभाग तथा जलकल विभाग उपकरणों के साथ मौके पर डटा रहा तथा भारी बारिश के दौरान जल निकासी की कार्यवाही की गई। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 56 ऐसी पॉइंट जहां अधिकांश जल भराव की स्थिति रहती है, वहां पर 60 से 65 पंप सेट लगाए गए और तीव्रता से जल निकासी कराई गई। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश की क्रम में जल्दी सुबह से ही बारिश प्रारंभ होने पर पंप सेट लगा दिए गए थे। पांचों जोन अंतर्गत निरीक्षण किया गया। भारी बारिश के साथ तीव्रता से जल निकासी की गई। मुख्य रूप से लाल कुआं, एलिवेटेड के नीचे, यूपी गेट, साईं उपवन अंडरपास, गौशाला अंडरपास पर अतिरिक्त पंप सेट लगाकर कार्यवाही कराई गई।




नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद में भारी बारिश हो रही है जिसके चलते जलकल तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा बारिश के दौरान ही जल निकासी का कार्य कराया गया। मेरठ रोड से लेकर मोहन नगर होते हुए भोपुरा क्षेत्र तक निरीक्षण किया गया तथा प्रमुख रूप से कांवड़ रूट और मंदिरों के बाहर जलभराव ना हो विशेष ध्यान दिया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से भी जलभराव की प्राप्त होने वाली 09 शिकायतों का तत्काल समाधान कराया गया है।

# हरिद्वार से 200 किमी की दूरी 13 घंटे में पूरी की, जलाभिषेक किया

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हरिद्वार से झंडापुर में गंगा जल लेकर 200 किमी की दूरी तय कर 13 घंटे में दूधेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया गया। भक्तों ने मंदिर पहुंच कर विधि विधान के साथ शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ा कर पूजा-अर्चना की और झंडापुर गांववासियों के लिए भोले बाबा से सुख-शांति की कामना की।



वार्ड 41 वासियों ने इन सभी शिव भक्तों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। डाक कांवड़ के मुख्य वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, सुनील भटनागर, सोहनवीर चौधरी, धनजीत गुप्ता, राहुल परिहार, मनोज कुमार, राकेश राघव, अमित शर्मा, राजपाल सिंह, हनी गोयल ने बताया कि हरिद्वार से 200 किमी लंबी दूरी टीम ने 13 घंटे में प्राचीन दूधेश्वर मंदिर में भगवान का जलाभिषेक किया। उन्होंने बताया कि डाक कांवड़ के लिए टीम ने रोजाना दौड़ का अभ्यास किया है। 200 किमी की दूरी भक्तों ने केवल 13 घंटे में पूरी की। जयकारों के साथ शिवलिंग का जलाभिषेक कर यात्रा पूरी हुई।

# जारी रहा पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला










**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने वाले गणमान्य लोगों का सिलसिला जारी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री के लोहिया नगर स्थित आवास पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंच रहे हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। बुधवार को कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए एमएलसी व पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र सिंह भाटी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी विजय बहादुर पाठक, एमएलसी व मुख्य सचेतक अश्विनी त्यागी, पूर्व विधायक जितेंद्र यादव, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, बुलंदशहर डीसीबी चेयरमैन डीके शर्मा, एमसीडी पार्षद नरेश त्यागी, पूर्व नवीन शाहदरा जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल आदि मौजूद रहे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम एक बात कर रहे हैं आप तक कॉस्ट? हम देख रहे हैं जो चेहरे विधायकों की मीडिया देखते हैं? वो चल रहे हैं इस वक्त महानगर वालों से फास्ट? अतुल जी हों, सुनील जी हों या हों सुनील शर्मा? उनके मीडिया वाले विज्ञप्तियां जारी कर-करके अखबारों तक भेजते रहते हैं उनका कर्मा? मगर हम दे रहे हैं इस बात पर बारीकी से ध्यान? बीत गये हैं लगभग 15 दिन? ना जाने क्यों महानगर के मीडिया वाले करके नहीं दिखा रहे हैं काम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों कहा उन्होंने इस बात को स्पष्ट? कहा वो एक नहीं चार-चार जनप्रतिनिधियों के यहां पर डेरा डालता है? इस बात को कहने में नहीं है मुझको कष्ट? वो सबकी मीडिया की उठाकर चलता है जिम्मेदारी? इसका मतलब उसमे किसी एक साथ रहने की नहीं है अदाकारी? इसलिए ऐसे चेहरे को हमने कर लिया है खुद से दूर? जो एक का नहीं, वो किसी का नहीं? समझ जायेगा वो मेरी बात हुजूर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी प्रदेश वाले त्यागी जी के पड़ते है गाजियाबाद में कदम? तब यहां पर एक अति उत्साहित त्यागी चेहरे का उत्साह फैल जाता है भरपूर? ये चेहरा तूफान की तरह करता है काम? पहुंचा देता है हर जगह उनके आने का पैगाम? कहने वाले ने कहा बुधवार को कुछ इसी तरह के उत्साह से वो था लबरेज? प्रदेश वाले त्यागी जी के आने से पहले वो पहुंचा चुका था हर जगह उनकी कवरेज?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान का है अंदाज बहुत ही खास? वो कुछ दिन शांत बैठते हैं फिर दिखाते हैं अपना आगाज? सुना है उन्होंने कर ली है बासुंरी दीदी के कार्यक्रम की तैयारी? बड़ी बात ये है कि इस तैयारी में वो निभा रहे हैं अब शिद्दत से महामंत्री वाली जिम्मेदारी? पता चला है वो लगातार भगवा योद्धा के साथ इस कार्यक्रम को सफल करने की बना रहे हैं योजना? क्या उन्होंने फिर से महामंत्री वाले पद पर आने का लिया है सोचना? कहने वाले ने कहा हम तो बस वैसे ही इस सवाल के माध्यम से गागर में सागर भरने वाले नागर के पास पहुंचाना चाह रहे हैं पहलवान के भावी कार्यक्रम की योजना?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ में एक विधायक का है भोले बाबा जैसा किरदार? कहने वाले ने कहा ऐंठ और टेंट में वो किसी की नहीं सुनते हैं, मगर प्यार से वो कर लेते हैं हर बात स्वीकार? कहने वाले ने कहा मुझे जब से लगी है उनके इस स्वभाव की जानकारी? सच बताऊं आज तक नहीं चली है मेरे किसी भी काम पर आरी? विधायक जी को काबू करना है तो प्यार से करो? उनको समझ नहीं आती है जोरदारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप हमारी संगठन वालों तक पहुंचा दो बात? वो कितनी ही कोशिश करें पांच भगवा कमिश्नर नहीं रखने देंगे किसी को अपने ऊपर हाथ? हमें पता चला है कि सुबह होते ही ये पांचो भगवा कमिश्नर हो जाते हैं एक विधायक के घर पर पेश? विधायक और इनका आपस में है बहुत ही मजबूत बेस? चाहकर भी कोई इन पांचों को नहीं कर पायेगा विधायक जी से दूर? वजह ही कुछ ऐसी है, क्योंकि इन्हें विधायक जी का प्यार मिलता है भरपूर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक समय भगवा टपलू भैया का भाजपा में चलता था जोर? हर जगह सुनाई देता था उनके नाम का शोर? मगर बीच में कुछ ऐसे बनी बात? उनके बिगड़ गये भगवागढ़ में हालात? मगर बावजूद इसके उन्होंने किया वापस यहां पर कमबैक? मगर भगवा रिटर्न होने के बावजूद भी उनके आज तक नहीं हो रहे हैं दीदार? कहने वाले ने कहा जब एक बार गाड़ी पटरी से उतर जाती है? तब फिर उतनी शिद्दत से नहीं होते हैं उनके पहले जैसे दीदार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप भगवा मास्टर की राजनीति पर एक बार गौर से डालो नजर? आप देखोगे कि पद को लेकर वो नहीं करते हैं ज्यादा फिक्र? वो नजर आते हैं बस अपने कुछ खास चेहरों के ही साथ? उनसे जोड़कर रखते हैं वो अपने दिल के जज्बात? पद मिले या ना मिले नहीं पड़ता है उनको कोई फर्क? जब उनका सब कुछ ठीक ही चल रहा है तो फिर आप क्यों कर रहे हो इतने तर्क?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कभी किसी के साथ पूरी शीतलता से मैडम चौधरी, भगवा जय-वीरू का जलवा दिखता था भरपूर? फिर ना जाने क्या किया वक्त ने हसीं सितम कि ये सब हो गये दूर? पता चला है कि कुछ ऐसा ही हुआ है कि एक वैश्य मैम्बर के साथ? जैसे इनकी विदाई हुई, वैसे ही उनके बन गये हैं हालात? कहने वाले ने कहा देखना अब ये है रूसवाई के इस सीन में आयेगा किसका नंबर? क्योंकि महीने तो अभी आने हैं अगस्त और सितम्बर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने क्या-क्या गुल खिलायेगा 2027 का वक्त? हमें पता चला है कि लोनी एक बड़े गुर्जर नेता ने उठा ली है अभी से हर हाल में चुनाव लड़ने की शपथ? वो घरों से लेकर बूथ तक बारीकी से कर रहे हैं काम? हर सूरत में उन्होंने बना लिया है चुनाव लड़ने का प्लान? वो अपनों में संदेश कर रहे हैं इस वक्त जारी? कह रहे हैं पहले तो कोशिश भगवागढ़ से ही रहेगी? अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर पूरी शिद्दत से करेंगे हम कैसे और किसी भी तरह से चुनाव लड़ने की तैयारी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# सिकरोड की कांवड़ टीम ने रचा इतिहास, 8 घंटा 2 मिनट में हरिद्वार से सिकरोड पहुंची डाक कांवड़

## पूर्व के अपने ही 8 घंटा 16 मिनट के रिकॉर्ड को छोड़ा पीछे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रावण मास की शिवरात्रि पर सिकरोड गांव की डाक कांवड़ की टीम ने अपना एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। हरिद्वार हर की पौड़ी से जल लेकर गाजियाबाद के सिकरोड गांव के मंदिर पर 8 घंटा 2 मिनट में आकर जलाभिषेक किया। सिकरोड के दर्जनों युवाओं की टीम पिछले अनेक वर्षों से हरिद्वार से डाक कांवड़ ला रही है। मंगलवार रात्रि को सिकरोड की कांवड़ टीम ने एक बजकर 20 मिनट पर अपनी डाक कांवड़ उठाई और शिवरात्रि को अपने गांव के मंदिर में प्रातः नौ बजकर 22 मिनट पर हाज़िरी का जलाभिषेक किया। सिकरोड की सत्तर से अस्सी भोलों की टीम शिवरात्रि के पहले लगभग एक माह पहले ही अपनी डाक कांवड़ की तैयारी में जुटी हुई थी। और हर रोज सभी भोलों के द्वारा यह संकल्प लिया जाता था कि इस बार पहले रिकॉर्ड को ध्वस्त करना है। आस्था के साथ युवाओं के जुनून की सिकरोड के सभी गांववासी सराहना करते हैं। और डाक कांवड़ सिकरोड में एक वार्षिक समारोह के रूप में मनाया जाता है। जिसके आगमन की प्रत्येक गांव वासियों को प्रतीक्षा रहती है। इस डाक कांवड़ में मुख्य रूप से नीरज चौधरी, तुषार चौधरी, दीपक चौधरी, दीपांशु चौधरी, प्रियांशु चौधरी, आर्यन चौधरी, हर्ष शर्मा, प्रवेश चौधरी, बिट्टू, आशू, अंचित, सौरभ वर्मा, मधुबन, दुर्गेश सहित अनेक सदस्य सम्मलित रहे।



# सावन शिवरात्रि पर तेज बारिश से मौसम हुआ सुहाना लेकिन जलभराव से लोग हुए परेशान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन शिवरात्रि के दिन गाजियाबाद और एनसीआर के अन्य शहरों में सुबह से ही जमकर बारिश हो रही है। इस बारिश से मौसम तो सुहाना हो गया लेकिन जल भराव के कारण लोगों को भारी परेशानी हुई। ज्यादातर प्रमुख सड्कें जलमग्न हो गई है। जिस कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सड़कों पर भारी जाम दिख रहा है। शिवरात्रि के मौके पर लाखों शिव भक्ति कांवड्एिं मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे हैं। सुबह से हो रही तेज बारिश में भीगते हुए शिव भक्ति जलाभिषेक कर रहे हैं। कांवड्यिों के उत्साह में कही कोई कमी नहीं आई है। मंदिरों एवं शिवालयों में भारी भीड़ दिखाई दे रही है। गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली और फरीदाबाद जैसे एनसीआर के क्षेत्र में सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। इससे दिल्ली एनसीआर में तापमान में भारी गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिनों तक बारिश का कहर जारी रह सकता है।

# एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना ने आरटीसी रिक्रूट आरक्षियों से की मुलाकात, किया निरीक्षण







**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** बुधवार की सुबह गोरखपुर में आरटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों के हंगामे की सूचना के बाद प्रदेशभर के अलग-अलग कमिश्नरेट और जनपदों में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आरटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटो का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इसी क्रम में बुधवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में एडिशनल सीपी मुख्यालय कल्पना सक्सेना द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गाजियाबाद में आरटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुरुष रिक्रूटमेंट आरक्षियों की व्यवस्थाओं के संबंध में भ्रमण कर उनसे बातचीत की गई। उनको सोशल मीडिया पॉलिसी अपनाने और अनुशासन के साथ पुलिस लाइन में ट्रेनिंग लेने का निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान उनसे पूछा गया कि उनको किसी प्रकार की असुविधा एवं परेशानी तो नहीं आ रही है। बता दें की गाजियाबाद में इन दिनों बड़ी संख्या में पुरुष और महिला रिक्रूट आरक्षी पुलिस की ट्रेनिंग ले रहे हैं।